

हिन्दी दैनिक
# दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण





वर्ष : 12 | अंक : 299 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | मंगलवार,05 नवम्बर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### मिग-29 लड़ाकू विमान क्रैश, पायलट समेत 3 लोगों ने कूदकर बचाई जान



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा के पास एयर फोर्स का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. पायलट समेत 3 लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई.विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ. विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है.

**कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का दिया गया आदेश :** मिग-29 विमान क्रैश पर भारतीय वायुसेना का बयान सामने आया है. बताया गया, आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सिस्टम में खराबी आने के बाद आगरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वायुसेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं. इससे पहले रक्षा अधिकारी ने बयान दिया था कि विमान क्रैश पर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए जाएंगे।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी, बनाया ये खास प्लान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने तैयारियां तेज कर दी है. बीजेपी नवंबर आखिरी हफ्ते से दिल्ली में प्रचार प्रसार के काम में तेजी लाएगी. हफ्ते भर के अंदर प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति, उम्मीदवार चयन समिति और प्रदेश कोर ग्रुप का गठन किया जाएगा. बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में करीब 10 पार्षद और एल्डरमैन पार्षदों को चुनाव में उतारने की तैयारी में है. दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी मजबूत पकड़ और अच्छी छवि वाले पार्षदों को चुनाव लड़ाएगी. दिल्ली के कालका से योगिता सिंह, बाबरपुर से मुकेश बंसल और मुंडका से गजेंद्र दलाल जैसे मजबूत पार्षदों को विधानसभा चुनाव में मौका दिया जा सकता है. दिल्ली के पूर्व सांसद जिन्हें इस लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया था, उनमें से कई चुनाव लड़ेंगे।

### पद्मनाभ स्वामी मंदिर पर 7 साल का जीएसटी बकाया

**तिरुवनन्तपुरम।** तिरुवनन्तपुरम में पद्मनाभ स्वामी मंदिर है. यह मंदिर सालों से श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है. अब जीएसटी विभाग ने मंदिर प्रबंधन को नोटिस भेजकर 1.57 करोड़ रुपये के बकाया जीएसटी भुगतान की मांग की है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने गढ़वा में चुनावी रैली को किया संबोधित

# पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र को अपनी गारंटी बताया





दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची/गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 नवंबर को गढ़वा जिला के चेतना से चुनावी शंखनाद करते हुए 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में अबकी बार एनडीए सरकार' का नारा दिया. बिहार के गया एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के जरिए गढ़वा पहुंचे पीएम को सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र को अपनी गारंटी बताया। उन्होंने कहा कि आदिवासी के बेटे चंपाई सोरेन को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई. पीएम मोदी ने कहा कि यह क्षेत्र बालू तस्करी का केंद्र बन गया है. पीएम ने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनने पर गोगो-दीदी योजना के जरिए हर महीने माताओ-बहनों को 2100 रु. मिलेंगे. नौजवानों को युवा साथी भत्ता मिलेगा. सिर्फ 500 रु. में गैस सिलेंडर मिलेगा. अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर बहनों को दो मुफ्त सिलेंडर भी मिलेंगे. पीएम ने कहा कि मैंने तीन करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी. सरकार बनते ही काम शुरू कर दिया। झारखंड भाजपा ने 21 लाख नये आवास बनाने का संकल्प लिया है. हर गरीब के पास पक्का घर होगा. यह भाजपा की गारंटी है. धान की सरकारी खरीद 3100 रु. प्रति क्विंटल करने का फैसला लिया है. छोटे और सीमांत किसानों, पशुपालकों को आर्थिक मदद मिलेगी. आदिवासी परिवारों का आजीविका बढ़ाने के लिए भी घोषणाएं हुई हैं. तेंदू पत्ता, महुआ और मशरुम जैसे उत्पादों की प्रोसेसिंग होगी। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड में 16 लाख गरीबों के घर बनवाए. ये घर एसटी, एससी, ओबीसी परिवारों को मिले. करीब एक लाख 15 हजार घर गढ़वा जिला के परिवारों को मिले हैं.

**झारखंड भाजपा ने बनाया शानदार संकल्प पत्र- पीएम :** पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड भाजपा ने शानदार संकल्प पत्र बनाया है. हमारी सरकार बनने पर तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा. हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनते ही 25 हजार लोगों को रोजगार दे दिया गया. झारखंड में लाखों नौजवानों को युवा साथी भत्ता दिया जाएगा. हर माह 2000 रु. दिए जाएंगे. प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए वार्षिक कलेंडर बनेगा. केंद्र सरकार पहली ही पेपर लीक करने वालों के लिए सख्त कानून बना चुका है. 2 लाख करोड़ रु. से अधिक का पीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम लागू हो चुका है. बड़ी कंपनियों में पीएम पैकेज के तहत यहां के युवाओं को भी हर माह 5 हजार रु. मिलेंगे. पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में 12 वंदे भारत ट्रेनें कनेक्ट कर रही हैं. गंगा जी पर वॉटर वे बन रहा है, गैस पाईप लाइन झारखंड को सस्ती गैस पहुंचाने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के 600 करोड़ रु. गढ़वा जिला के किसानों के खाते में भेज चुका हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर कोयल परियोजना को गति देने का फैसला किया. 2019 में इसकी आधारशिला रखी।

## 43 सीट वाली बस में 60 लोग थे सवार, बस खाई में गिरी, 36 की मौत

उत्तराखंड में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ. अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी जिसमें 36 यात्रियों की मौत हो गई.



एजेंसी

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक प्राइवेट बस के गहरी खाई में गिर गई. हादसे में 36 यात्रियों की मौत हो गई. 24 अन्य घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार, माचुर्ला के पास बस खाई में गिर गई।

**43 सीट वाली बस में करीब 60 लोग थे सवार :** अल्मोड़ा के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि घायलों में से 4 की हालत गंभीर है. इनमें से 3 को विमान के जरिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश भेजा गया है. एक को सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी भेजा गया है. घटना के वक्त 43 सीट वाली बस में करीब 60 लोग सवार थे. बस में क्षमता से अधिक यात्रियों का होना दुर्घटना का कारण हो सकता है.

**सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया :** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में हुए बस हादसे पर दुख जताया. उन्होंने सचिव आपदा प्रबंधन, आयुक्त कुमाऊं मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात की. घटना की जानकारी ली और बचाव एवं राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. एसडीआरएफ के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है. बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

### पीएम मोदी ने सड़क हादसे में हुई मौत पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्मोड़ा में सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है. प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये जबकि घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा उन्होंने की।

## सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं करने देने के पीछे विपक्ष की साजिश: सीएम

दबंग हिन्द,संवाददाता



**रांची।** एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेएमएम, सरकार पर निशाना साधा तो दूसरी तरफ सीएम हेमंत सोरेन ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला. सीएम ने कहा कि विपक्ष ने एक साजिश के तहत हमारी सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया. चुनाव समय से एक महीने पहले कराया जा रहा है. भाजपा को लगने लगा कि ये सरकार लंबे समय तक रह गई तो भाजपा को झंडा ढोने वाला भी नहीं मिलेगा. सीएम सोमवार को डालटनगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारी सरकार के लोगों को बहकाने का भी काम किया. सरकार गिराने की साजिश रची।

**घर बैठे जाति और आय प्रमाण पत्र मिलेगा :** सीएम ने कहा कि अगली बार झामुमो की सरकार बनी तो घर बैठे जाति आर आय प्रमाण पत्र मिलेगा. इसके लिए प्रखंड, अंचल या डीसी ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा. आज झामुमो में काफी संख्या में लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

**गोगो दीदी योजना वोट खरीदने का माध्यम :** सीएम मे विपक्ष की घोषणा और योजना पर भी तंज कसा. कहा कि मुख्यमंत्री मईयां योजना से भाजपा को तकलीफ हुई. इसी को देखते हुए मंईयां योजना जैसी योजना लाने की घोषणा कर दी. 2100 रुपए देने की योजना एक तरह से वोट खरीदने के लिए है. इस योजना के तहत हर घर में एक लाख रुपए सालाना पहुंचाने का काम करेंगे।

### जमशेदपुर में कल्पना सोरेन का रोड शो



**रांची।** झारखंड में राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधायक पत्नी कल्पना सोरेन ने जहां जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के लिए रोड शो किया, झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने जमशेदपुर पूर्वी से इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के लिए वोट मांगे. इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत दादा को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए डॉ अजय को भारी मतों से जिताएं. कल्पना सोरेन ने कहा कि आपके दादा हेमंत सोरेन आप सबका ख्याल रखते हैं. महिला सशक्तीकरण के लिए मंईयां सम्मान योजना की राशि दिसंबर से 1000 से बढ़ाकर 2500 प्रति माह की जाएगी।

## कर्मियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान:सीईओ

दबंग हिन्द,संवाददाता



**रांची।** निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (उएड) के रवि कुमार ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक की. सीईओ ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें. उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं. के रवि ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए. साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें. ताकि, ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। बता दें कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है. इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे. इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है। सीईओ ने चुनाव को लेकर राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इस हेतु इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें. बैठक में श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध का आदेश लागू नहीं हुआ

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और पुलिस को जारी किया नोटिस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में दीपावली के बाद वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस संबंध में दिल्ली सरकार और अन्य अधिकारियों से राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के इस्तेमाल पर स्थायी प्रतिबंध के मुद्दे पर फैसला लेने को कहा.शीर्ष अदालत ने दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू न किए जाने पर कड़ी आलोचना की और दिल्ली सरकार तथा दिल्ली के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर इस साल प्रतिबंध लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ अगले साल प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी बताएं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पटाखों पर प्रतिबंध के संबंध में उसके आदेश का पालन नहीं किया गया और दिवाली के आसपास पराली जलाने की घटनाएं भी बढ़ गईं। दिल्ली के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता गंभीर स्तर को पार कर गई क्योंकि पीएम 2.5 की मात्रा बढ़ गई, जिससे सांस संबंधी खतरनाक स्थिति पैदा हो गई है।

**पीएम 2.5 स्तर 2022 की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक :** जस्टिस अभय ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू न किए जाने का असर सीएसई की रिपोर्ट से बहुत स्पष्ट है. सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) द्वारा शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल दिवाली की आधी रात को पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 का अधिकतम सांद्रता स्तर 2022 और 2023 की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक था. सीएसई ने यह भी पाया कि इस साल दिवाली पर पीएम 2.5 का स्तर 2022 में त्योहार की रात की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक था।

## छठ के लिए बिहार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़, बोगियों में पैर रखने की जगह नहीं

छठ को लेकर बिहार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ हो रही है. भीड़ का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि डिब्बों में पैर रखने की भी जगह नहीं है. वहीं पटना जाने वाली ट्रेनों में 6 नवंबर तक सीट खाली नहीं है.



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** छठ महापर्व को लेकर बिहार जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ हो रही है. रेलवे स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरा रह रहा है. वहीं, मौर्य एक्सप्रेस और पटना जाने वाली ट्रेनों में किसी श्रेणी में सीट उपलब्ध नहीं है. मौर्य एक्सप्रेस में चार से छह नवंबर तक स्लीपर और एसी में 100 से ज्यादा वेटिंग मिल रहा है।

**पटना जाने वाली ट्रेनों में 6 नवंबर तक सीट नहीं :** पटना जाने वाली ट्रेन में भी चार से छह नवंबर तक स्लीपर और एसी में सीट उपलब्ध नहीं है. रविवार को रांची और हटिया स्टेशन से खुलने वाली इन दोनों रूट की ट्रेनों में काफी भीड़ रही. यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करते दिखे. सिर पर सामान लेकर बोगी में प्रवेश करते नजर आये।

**वंदे भारत में भी सीट नहीं है उपलब्ध :** रांची से पटना जाने वाली वीआइपी ट्रेन वंदे भारत में भी चार और छह नवंबर को सीट उपलब्ध नहीं है. चार नवंबर को सीसी बोगी में वेटिंग 55 और एग्जिक्यूटिव चेयर कार (इसी) में वेटिंग लिस्ट 21 मिल रहा है. वहीं, छह नवंबर को सीसी बोगी में वेटिंग 14 और एग्जिक्यूटिव चेयर कार (इसी) में वेटिंग चार मिल रहा है. इसके अलावा जनशताब्दी एक्सप्रेस में चार नवंबर को टू-एस में वेटिंग 24 और सीसी में 41 वेटिंग चल रहा है. पांच नवंबर को टू-एस में 51 और सीसी में 41 वेटिंग है।

**छठ स्पेशल ट्रेन में वेटिंग भी नहीं मिल रहा :** रांची से पटना के लिए छठ स्पेशल ट्रेन (08897) भी चलाया जा रहा है. इसमें चार नवंबर को स्लीपर और एसी सेकेंड और थर्ड में सीट उपलब्ध नहीं है. वहीं, पांच नवंबर को स्लीपर में वेटिंग 68, एसी थर्ड में वेटिंग 39 और एसी टू में वेटिंग 10 है।

# निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से 13 को मतदान करें मतदाता : पवन कुमार



दबंग हिन्द,संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** छठ महापर्व व विधानसभा चुनाव को लेकर भुरकुंडा ओपी में सोमवार को पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सयाल-उरीमारी और बरकाकाना के पत्रकारों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीपीओ पवन कुमार ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कई विषयो में सुदढ़ व्यवस्था और पुलिसिंग के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा की अगामी 13 नवंबर को क्षेत्र में मतदान होना है। निर्भीक और शांतिपूर्ण मतदान में मीडिया के लोग सहयोग करें और संवेदनशील विषयो की जानकारी दें। साथ ही छठ महापर्व में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सुदढ़ व्यवस्था पर नजर रखें। किसी प्रकार की अप्रिय घटना का संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। एसडीपीओ श्री कुमार ने साफ शब्दो में कहा की क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अचार संहिता उल्लंघन करने वाले और असामाजिक तत्वो को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगो को चुनाव के महापर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की। बैठक में पतरातु सर्किल इस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, एसआई कुणाल कुमार सहित राजकुमार सिंह, अवधेश शर्मा, दुर्गेश नंदन तिवारी, उत्तम सिन्हा, अलोक सिंह, दिपक कुमार, धर्मेन्द यादव, कमलेश मेहता, सुरेन्द्र प्रसाद, अनुज कुमार, पंकज सोनी, संजय पासवान, सुनील कुमार, पारसनाथ प्रसाद साहु, राजेश राय, मुकेश कुमार, कर्मवीर सिंह, सुदामा सिंह, शिव कुमार सिंह, सागर कुमार, तन्नु उपाध्याय सहित कई पत्रकार मौजूद थें।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बिशुनपुर प्रखंड स्थित हाडूप ग्राम के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** आगामी विधानसभा चुनाव के निमित आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित ढ़श्ळ्ऋ ग्राम हाडूप ग्राम अंतर्गत स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (अटऋ) की उपलब्धता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और वहां उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू और निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। इससे पूर्व उपायुक्त ने बिशुनपुर के क्लस्टर में ठहरे पुलिस बल से भी मुलाकात कि एवं उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की कि वे 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग



लें और अपने अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का वोट महत्वपूर्ण है, और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर मतदाता को सुरक्षित एवं सुविधाजनक मतदान का अवसर मिले। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, शौचालय, रैंप, और बिजली की व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए। साथ ही, प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष रूप से सुरक्षा बल तैनात किए जाएं ताकि मतदाताओं को निर्भीक वातावरण में मतदान का अधिकार मिल सके।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

दबंग हिन्द,संवाददाता



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। बता दें कि बीते 28 अक्टूबर से विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के सहयोग से एनएसएस के बैनर तले सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत हुई थी। इसके तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जागरूकता सप्ताह की अहमियत का जिक्र करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना और एक नैतिक व निष्पक्ष समाज के निर्माण के प्रति प्रेरित करना भी कार्यक्रम के उद्देश्यों में शामिल था। वहीं कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि एक इंसान के लिए पढ़ा-लिखा होने के साथ साथ व्यहारिक होना भी महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यक्रम से ना सिर्फ सफल जीवन जीने की दिशा मिलती है बल्कि एक सच्चे नागरिक कर्तव्य का भी बोध होता है। बताते चलें कि मौके पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने एवं निष्पक्ष समाज के निर्माण के प्रति लोगों को प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्वयंसेवक, सेविकाओं व एनएसएस अधिकारी डॉ रोजी कांत व डॉ प्रीति व्यास के साथ साथ सभी प्राध्यापक -प्रध्यापिकाओं का अहम योगदान रहा।

# इंडिया महागठबंधन कार्यकताओं का एक महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

दबंग हिन्द,संवाददाता

**विष्णुगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय विष्णुगढ़ में सोमवार को इंडिया महागठबंधन कार्यकताओं का एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने किया एवं संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी के द्वारा किया गया। इस बैठक में इंडिया गठबंधन मांडू विधानसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल जी को विजयी बनाने के लिए महत्वपूर्ण राजनैतिक रणनीतियों पर चर्चा की गई। हम सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता एकजुटता और सहयोग से हम सभी अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे और मांडू विधानसभा में पुनः विकास की नई उड़ान भरेंगे। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन गुरु जी माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी,कल्पना सोरेन के दुरगामी सोच, दृढ़ इच्छा एवं समर्पण को आगे बढ़ाने एवं जन जन तक पहुँचाने के लिए झामुमो पार्टी के



प्रखंड प्रभारी, पंचायत प्रभारी, पंचायत सह प्रभारी ने कमर कस लिया है विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी के दिशा निर्देश पर सभी प्रभारियो ने एकजुटता के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारी एवं भुमिका को पूरी लगन से निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा संघर्ष पथ पर जो चलता है सूर्य के समान वही चमकता है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। एवं बूथ स्तरीय मजबूती और झारखंड सरकार जनकल्यकारी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यकताओं ने अपनी समस्याएं, सुझाव और विचार साझा किये जिन पर विस्तृत चर्चा हुई। इंडिया गठबंधन के ऊजार्वान सिपाहियों से मिलना हमेशा एक नई ऊर्जा की अनुभूति करवाता है, जिससे मांडू विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति समर्पण को और भी अधिक मजबूती मिलती है।

# कर्णपुरा इंटर कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**बड़कागांव।** बड़कागांव कर्णपुरा इंटर कॉलेज के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। कॉलेज के सचिव प्रोफेसर रामसेवक के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं शिक्षिकाओं के द्वारा गली मोहल्ले में जाकर स्वच्छ मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। प्रोफेसर रामसेवक ने कहा कि निर्भीक और स्वच्छता के साथ बिना लोभ लालच के अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। ताकि आपके क्षेत्र का ईमानदारी पूर्वक कार्य कर सके। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रो . अक्षय पांडे प्रो. आशा कुमारी, प्रो. सुमेधा सोनिका कुमारी, मनीषा, प्रमिला, ममता, पुष्पा, संगीता, नेहा, संगीता, बिलाल, कृष्णा, मजूम, सुधीर, मनजीत, बहमनी कुमारी आदि ने मौजूद थे।

# श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर दूसरे दिन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के दूसरे भी दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। इस प्रभातफेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। सरदार अंगद सिंह चंडोक निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई की। कल तारण गुरुनानक आया, गणीव तेरी सिफत सच्चा पातशाह जैसे सबद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर किला मंदिर पुराना बस स्टैंड होते हुए बिजोलिया स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के निवास पहुंची। जहां लांबा परिवार के द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार कंवलजीत सिंह लांबा को सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, जोगिंदर सिंह जग्गी तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जैसल, कुलजीत सिंह कालरा, मनमोहन लांबा, अंकित कालरा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह, सैनीगुरप्रीत सिंह, जगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा अंगद चंडोक गुरजीत।

# मतदाता सूचना पर्ची का किया जा रहा है वितरण



**गिद्दी।** डाडी प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतो में बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाता सूचना पर्ची मतदाताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त वितरण कार्यक्रम 15 नवंबर तक चलेगा। अवितरित पर्ची में सूचीबद्ध किया जाएगा। मतदाता सूचना पर्ची से मतदाताओं को मतदान केंद्र, मतदान संख्या, मतदाता क्रमांक की अद्यतन जानकारी प्राप्त होगी। ताकि मतदाता सुगमतापूर्वक मतदान के दिन 20 नवंबर को मतदान केंद्र तक पहुंचकर आसानी से मतदान कर सकेंगे। उक्त कार्य का पर्यवेक्षण संबंधित बीएलओ पर्यवेक्षक के द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी बीएलओ पर्यवेक्षक अजीत तिवारी द्वारा दी गई।

# कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह की प्रेस वार्ता



दबंग हिन्द,संवाददाता

**हजारीबाग।** 4 नवंबर 2024 को हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने हजारीबाग सदर विधानसभा से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह के समर्थन में प्रेस बंधुओं के साथ बात चीत की। सौरभ नारायण सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 10 साल से हजारीबाग विधानसभा तथा लोकसभा में भाजपा का शासन रहा है। इसके बावजूद भाजपा इस क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही है। पिछले पांच सालों में महागठबंधन सरकार के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों और योजनाओं से झारखंड की जनता लाभान्वित हुई है।इस कारण जनता का समर्थन हमारे साथ है।अब वक्त है बदलाव का, और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी मुन्ना सिंह को यहां की जनता अपना आशीर्वाद देगी और इन्हें यहां से विजयी बनाएगी।

इस कार्यक्रम में हजारीबाग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, वरिष्ठ कांग्रेसी रजी अहमद, साजिद अली खान, अजीम खान, रौशन यादव, गुड्डू सिंह तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जिले में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आलोक कुमार दुबे के द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के बारे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल (न्याय रक्षक) के अधिवक्ताओं के सहयोग से किया गया। जिसमें रामगढ़ ब्लॉक, सदर अस्पताल रामगढ़, चितरपुर प्रखंड के बस स्टैंड, काली चौक और स्टेट बैंक चितरपुर शाखा के समीप विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एलडीसी के चीफ सुजीत कुमार सिंह, डिप्टी चीफ राम जी असिस्टेंट अभिनव कुमार तथा मोहन महतो के साथ अधिकार मित्र दुर्गेश कुमार, उमेश कुमार गुप्ता, रोहनलाल महतो, नंदकिशोर महतो आदि उपस्थित रहे। न्याय रक्षक के अधिवक्ताओं ने स्थानीय लोगों को विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में



महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सके। ताकि कानूनी प्रणाली का संचालन सभी के लिए समान अवसर के आधार पर हो। सिस्टम के द्वारा बचाव पक्ष को गिरफ्तारी के पूर्व, रिमाण्ड एवं बेल के स्तर पर, विचारण व अपील की कार्रवाई में निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध किया जायेगा। आगामी 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित मामलों और एन.आई. एक्ट के तहत चेक बाउंस जैसे मुद्दों, साथ ही बैंक से जुड़े मामलों का समाधान किया जाएगा। लोगों को अधिकतम लाभ उठाने के लिए इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने की अपील की गई, ताकि उनके लंबित मामलों का जल्द और प्रभावी निपटारा हो सके। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिवक्ताओं ने बताया कि लीगल सर्विस अथॉरिटी एक्ट की धारा 12 के तहत समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों को, जैसे कि महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्य, कराधीन व्यक्ति, गरीब मजदूर और पीड़ित, कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य है कि समाज के लोग अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और जरूरत पड़ने पर निशुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाएं।

# लोयोला विद्यालय सीसीए एक्टिविटीज के तहत कार्यक्रम



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चरही।** लोयोला विद्यालय में छठ की महत्वता को ध्यान में रखते हुए छठ पूजा कैसे और क्यों मनाया जाना चाहिए इसके लिए सीसीए एक्टिविटीज के तहत कार्यक्रम रखा गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छठ महापर्व की महत्वता के साथ क्यों मनाई जानी चाहिए इसके बारे में लोयोला विद्यालय के प्रबंधक और शिक्षकों ने उन्हें संदेश प्रदान किया ।छठ पूजा का आयोजन के लिए बच्चों ने नई-नई पोशाक पहनकर एवं छठवर्ती बनाकर विद्यालय भी आए ।लोयोला विद्यालय के प्रबंधक निर्देशक एम के बरनवाल बच्चों का उत्साह देखकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे और साथ में कहा कि पहली बार कोई विद्यालय चरही में कुछ इस तरह से का आयोजन कर रही हैं और छठ पूजा के महत्व को बता रही हैं साथी हि यह भी कहा कि बहुत जल्द दिसंबर महीने में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर कराटे, और गतका, इंटर स्कूल टूनामेंट का आयोजन लोयोला विद्यालय के बैनर तले किया जा रहा है जिसमें सभी अभिभावक को आमंत्रित करते हुए उन्हें स्वागत करती है ।लोयोला विद्यालय में नई सत्र 2025- 26 के लिए नामांकन शुरू हो गया है जिसमें छठ पूजा के अवसर पर हॉस्टल में फ्री एडमिशन लिया जा रहा है।

## एक नजर

### कोल इंडिया के स्थापना दिवस समारोह में बरका-सयाल जीएम अजय सिंह को मिला सर्वश्रेष्ठ महाप्रबंधक का पुरस्कार



**रामगढ़।** कोयला उत्पादन, डिस्पैच और बुनियादी ढांचे के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ जीएम का पुरस्कार मिला है। कोल इंडिया लिमिटेड के 50वें वार्षिक दिवस समारोह में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र महाप्रबंधक पुरस्कार से जीएम अजय सिंह को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अजय सिंह के कुशल नेतृत्व में बरका-सयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 61.38 लाख टन का अब तक का सबसे ऊंचा कोयला उत्पादन हासिल किया। जो क्षेत्र की स्थापना के बाद से एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह उल्लेखनीय सफलता पिछले वर्ष के उत्पादन पर 11% की दो अंकों की वृद्धि को दर्शाती है। उनके योगदान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी आगे बढ़ाना शामिल है। विशेष रूप से नोर्थ उरीमारी में कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) सायलो जो कोयला मंत्रालय की महत्वाकांक्षी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजना का एक हिस्सा है। इसका उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 मार्च 2024 को किया गया था। इस परियोजना ने कोयला डिस्पैच को सरल बनाने, परिवहन समय को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावे महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 6 नवंबर 2023 को नोर्थ उरीमारी साइडिंग को संचालित किया गया। जिससे वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 270 रैंक का डिस्पैच संभव हुआ। यह प्रगति अजय सिंह के कुशल संचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। बरका-सयाल क्षेत्र में विकास को गति देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिससे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के कोल इंडिया लिमिटेड के मिशन को मजबूती मिली है। उनकी उत्पादन और नवाचार की लगन संगठन के अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इधर जीएम अजय सिंह को पुरस्कार मिलने से अधिकारियों और कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का सभा आज



**गिद्दी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन मांडू विधानसभा के डांडी प्रखंड के बलसागरा ग्राउंड मे आज 11 बजे मांडू विधानसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के चुनावी सभा को संबोधन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रविंद्र सिंह, केदार पासवान, राकेश कुमार सिंह, अनिल अग्रवाल, शशि सिंह, विजय कुमार, राधेश्याम साहू, प्रीत लाल महतो, सुदीप चौधरी, कैलाश महतो, मंगल देव महतो, कालेश्वर प्रजापति, सुखदेव प्रसाद यादव, हसनैन अंसारी, हैदर अंसारी मौजूद थे।

### झामुमो प्रत्याशी जगत माझी के पक्ष में मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित



**चक्रधरपुर ।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूर गुदड़ी प्रखंड में झामुमो प्रत्याशी जगत माझी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग की निष्ठा पर सवाल खड़े किये। उन्होंने चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा आज जिस तरह से चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बनकर नाच रहा है उसका हिसाब जनता को देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा खूब मनमानी चल रही है पदाधिकारियों को मनमर्जी हटाया जा रहा है। कहा चुनाव आयोग हो चाहे सरकार या ईडी, सीबीआई किसी को भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर सकता। उन्होंने जगत माझी को मनोहरपुर से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा भाजपा के लोग जहां चुनाव भी नहीं लड़ता वहां पैसा के बल पर सरकार बना लेता है। उन्होंने कहा इस बार इतना विधायक बनाना है कि इन लोगों का पैसा खत्म हो जाए, लेकिन विधायक कम नहीं होना चाहिए। संबोधन के दौरान हेमंत सोरेन ने लोगों से पूछा आपका बिजली बिल माफ हुआ की नहीं। कहा डबल इंजन की सरकार में केवल बिल आता था लेकिन हमारी सरकार में बिजली आएगा बिल नहीं। जोहर से अपने संबोधन की शुरूआत करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को इतना मजबूत बना देंगे कि किसी से उधार लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### टोकलो में झामुमो का चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन




**चक्रधरपुर ।** प्रखंड के टोकलो में सोमवार की शाम झामुमो का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। मौके पर दिशुम गुरू आशिर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव , प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, मुखिया शांति देवी तथा पिंकी जोको ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व झामुमो कार्यकताओं ने टोकलो क्षेत्र में झामुमो प्रत्याशी सह विधायक सुखराम उरांव के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान चलाकर झामुमो प्रत्याशी सुखराम उरांव के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील किया। मौके पर केनके पंचायत मुखिया श्याम मुंडा, इटोर पंचायत मुखिया सोमनाथ कोया, केन्दो पंचायत मुखिया शांति देवी, चक्रधरपुर प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, बाईपी पंचायत मुखिया पिंकी जोको, होयोहातु पंचायत मुखिया रघुनाथ गुंदुवा, प्रखंड प्रमुख विनय प्रधान, झामुमो नेता दीकु गागराई, सुरेश मुंडा समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बंदगांव के बिहड क्षेत्र नवादा समेत अन्य गांव में बीएलओ ने किया मतदाता पर्ची का वितरण



**चक्रधरपुर/बंदगांव ।** विधानसभा चुनाव को लेकर बंदगांव प्रखंड के सुदूरवर्ती अति नक्सल प्रभावित अभी क्षेत्र नवादा, उदयनारायणपुर समेत अन्य गांव में बीएलओ पवित्र प्रधान ने ग्रामीणों के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करेंगे. उन्होंने कहा पहले वोट उसके बाद जलपान करेंगे. नवादा क्षेत्र बहुत बिहड एवं जंगल क्षेत्र होने के कारण लोग समय पर पहुंचकर अपने बूथ में मतदान करेंगे. समय पर नहीं पहुंचने पर उन्हें मतदान करने का अवसर नहीं मिल पाएगा .उन्होंने कहा 5 साल में ही मतदान करने का अवसर मिलता है और अपना पसंद के उम्मीदवार का चयन करें. जिससे आपकी सभी समस्या का समाधान हो सके. मतदाता पर्ची का वितरण जाहिरडीह, नवादा,उदयनारायणपुर,लादुराडीह,दूरदूरदा,चिंगिदा,सारुगारा गांव में मतदाता पर्ची वितरण किया गया.इस मौके पर हर्षिकेश प्रधान, कृष्णा प्रधान,चंद्रमोहन सोय,मनु सोय, जोहान सोय,रहित सोय,सीगिन सोय,सरदारसिंह मुंडा, प्रभुसहाय जामूदा, अबराम जामूदा, रघुनाथ बोदरा, सुखराम बोदरा, बासिल बोदरा, मुनी बोदरा, एतवा टूटी, शिलामुनि टूटी, मार्सल पूर्ति, सुशीला पूर्ति समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस ने दो अलग-अलग मामलें में ट्रक-जेशीब मशीन को किया जप्त



**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस के द्वारा दो अलग-अलग मामलें में ट्रक तथा जेशीब मशीन को जप्त करके थाना परिसर लाया गया है।271/24 मामले में ट्रक चालक की मृत्यु हो गया था तथा 272/24 में जेसीबी मशीन से पिपराडीह निवासी रुकनी देवी 45 वर्षीय का मौत हो गई थी।

## ईपीएफओ की प्रयास पहल के तहत पेंशन भुगतान आदेश निर्गत होना आरंभ




दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो ।** ईपीएफओ की प्रयास पहल के तहत पहले पेंशन भुगतान आदेश बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा नीना सिंह महाप्रबंधक प्रभारी के अक्टूबर महीने में 58 वर्ष पूरा होने के उपरांत प्रदान किया इस मौके पर अधिशासी निदेशक श्री महापात्र अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगनी अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा ईपीएफओ के नोडल पदाधिकारी उपमहा प्रबंधक पूनम सिंह तथा प्रवर्तन अधिकारी ऋतुराज कुमार उपस्थित थे पेंशन भुगतान की शुरूआत 58 वर्ष पूरा होने पर होती है 58 वर्ष पूरा होने से 3 महीने पहले प्रत्येक लाभों का सेवा विवरण और दस्तावेज के सत्यापन की प्रक्रिया संबंधित मानव संसाधन विभाग के द्वारा शुरू होती है जिसके पूरा होने के उपरांत पेंशन भुगतान आदेश निर्गत करने की पहल की जाती है इस अवधि में सभी दस्तावेजों का सत्यापन समय पर पूरा कर लेने से पेंशन भुगतान आदेश लागू को समय पर निर्गत करने में मदद मिलती है यह उपलब्धि ईपीएफओ और बीएसएल के संयुक्त प्रयास से संभव हो सका है।

# मतदान दिवस पर कामगारों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश: डीडीसी

### कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने जारी किया है अधिसूचना

दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने जिले के निजी एवं सार्वजनिक उपक्रमों कंपनियों के प्रबंधकों प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी उपक्रमों कंपनियों के प्रतिनिधियों को बताया कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड द्वारा अधिसूचना जारी कर विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है। मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।



अवकाश मजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी निजी औद्योगिक संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत करा दिया गया है। राज्य में 13 एवं 20 नवंबर को मतदान दिवस है। सभी इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बोकारो स्टील लिमिटेड, सीसीएल, आइओसीएल, बीपीसीएल, सीटीपीएस, ओएनजीसी, डीवीसी आदि कंपनियों के प्रतिनिधि, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक आदि शामिल थे।

## स्वीप कोषांग ने रंगोली पोस्टर के माध्यम से मतदान करने का दिया संदेश

दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो सिटी ।** आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के विभिन्न कौशल विकास केन्द्रों में रंगोली और पोस्टर के माध्यम से मतदान के महत्व से मतदाताओं को जागरूक किया गया। ड्रीम व्यूवर्स एडिट्रैक प्राइवेट लिमिटेड चास बोकारो, कौशल विकास केंद्र तलगड़िया समेत अन्य कौशल विकास केंद्रों में एक साथ हुआ आयोजन। केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली एवं पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। रंगोली और पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के बारे में संदेश दिया। उन्होंने अपने अभिभावकों एवं अपने




आस-पास के लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का प्रतिज्ञा लिया। मौके पर स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया।

## स्टेटिक सर्विलांस टीम सभी वाहनों की करें जांच, वाहन जांच पंजी में विवरण करें संधारित



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो ।** विधानसभा आम चुनाव की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा छोटे झ्र बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने विधि व्यवस्था समेत निर्वाचन को देखते हुए जिले के सीमावर्ती थाना अंतर्गत फारेस्ट गेस्ट हाउस समीप एसएसटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई छोटे - बड़े - लक्जरी वाहनों की जांच की। वाहनों के डैस बोर्ड डिक्की आदि को देखा। इसके अलावा विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर मिनी अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन लाखो का शराब बरामद

दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्ग दर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में जिला उत्पाद बल के सहयोग से बुढ़ीदीह क्षेत्र में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जहां भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामाग्री एवं तैयार शराब बरामद किया गया। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास उपस्थित थे। मौके से टीम ने कुल 05 लाख 08 हजार 470 रुपए मूल्य का सामान जब्त किया है। जिसमें विदेशी शराब- 6 पेटी में 72 पीस कुल 54 लीटर,



स्पिरिट पांच जरकीन में 225 लीटर, ?तैयार विदेशी शराब- 10 जरकीन में 450 लीटर, ब्लैक टाइगर व्हिस्की के लेबल का एक रोल, 111 व्हिस्की के लेबल का एक रोल, नंबर एक व्हिस्की, बी सेवन व्हिस्की, आर सी व्हिस्की एवं आइकोनिग वाइट व्हिस्की का लेबल का बंडल, झारखंड सरकार का नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड के ढ़क्कन, खाली बोतल एवं पेट बोतल इत्यादि शामिल है।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी योगेंद्र महतो का दौरा, चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



दबंग हिन्द, संवाददाता

**गोमिया ।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने जनसंपर्क किया, इस दौरान स्वांग उत्तरी पंचायत में झामुमो नेता मुमताज आलम के आवासीय कार्यालय में उपस्थित लोगों से मुलाकात की तथा लोगों को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने कहा की इस बार झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा राज्य के लोगों के हित में काफी कार्य किया गया है और माताओं एवं बहनों को सम्मान दिया गया है, उन्होंने कहा की राज्य सरकार द्वारा मईया सम्मान योजना के तहत प्रत्येक बहनों को प्रति माह एक हजार रुपए उनके अकाउंट में भेजा जा रहा है, झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी में 31लोगो को सदस्यता पार्टी का पट्टा पहनाकर कर किया गया।इस मौके पर मुखिया धनंजय सिंह, झामुमो प्रखंड सचिव सह मुखिया बंटी उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, मो सफदर, ललन केवट, कृष्ण दयाल सिंह, चांदनी, चम्सपा देवी, सोगरा खातुन, सबीहा खातुन, जाहिद अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आजसू प्रत्याशी डॉक्टर लंबोदर महतो का चुनावी सभा व जनसंपर्क अभियान



दबंग हिन्द, संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत के तीरियोनाला से चुनावी सभा एवं जनसंपर्क अभियान की शुरूआत आजसू के प्रत्याशी डॉक्टर लंबोदर महतो के द्वारा किया गया साथ में एनडीए गठबंधन के घटक दल के सभी कार्यकर्ता शामिल होकर डॉक्टर लंबोदर महतो को भारी मतों से विजय बनाने की अपील किया गया जनसंपर्क अभियान में डॉक्टर लंबोदर महतो को आशीर्वाद देने के लिए लोग सड़क के किनारे खड़े देखे गए पहली बार ऐसा देखा गया कि डॉक्टर लंबोदर महतो की अभियान में लोग जुड़ते जा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि तीरियोनाला में मैं अपनी बातों को रखते हुए फिर से जिस तरह आशीर्वाद दिए थे उसी तरह आशीर्वाद देने का काम करें आपके घर का बेटा हमेशा आपके सुख-दुख में साथ में रहा और रहने का काम करेगा क्षेत्र में जो विकास नहीं दिखता था वह विकास दिख रहा है। आप लोगों के आशीर्वाद से आज क्षेत्र में सही ढंग से विकास हो रहा है।

## एक नजर

### सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर मनाया जा रहा है सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

**बोकारो ।** बीएसएल में सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि की थीम पर मनाया जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह मानव संसाधन के ज्ञान अर्जन एवं विकास विभाग के मुख्य परीक्षा ग्रह में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक परियोजनाएं चितरंजन महापात्र अधिशासी निदेशक सुरेश रंगनी मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेश झा विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक विभाग अध्यक्ष अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात इस्पात विद्यालय सेक्टर 8 की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया गया इस मौके पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम पर अंतर विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता के हिंदी एवं अंग्रेजी श्रेणियां के प्रथम पुरस्कार विजेताओं द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया इसके अलावा बोकारो संगीत कला अकादमी के द्वारा सत्य निष्ठा की संस्कृति पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेश जाने सतर्कता सप्ताह के दौरान आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी इस मौके पर निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सतर्कता जागरूकता के सफल आयोजन के लिए विभाग की सराहना की और कहा कि सभी स्टेट होल्डर और जन सामान्य को इस अभियान से जोड़कर ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना और राष्ट्रीय समृद्धि को साकार किया जा सकता है इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न श्रेणी भाषण ड्राइंग निबंध पोस्ट कविता और प्रश्नोत्तर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य को भी सम्मानित किया गया संचालन का धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक चित्रा पाराशर ने किया।

### 9 से 16 नवंबर तक दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं की होगी होम वोटिंग

**बोकारो ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त ने बताया कि पोस्टल बैलट पेपर एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा हम वोटिंग को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है मतदान कर्मियों की टीम गठित हो गई है पोस्ट वॉलेट के माध्यम से ऐसे मतदाताओं का मतदान 9 नवंबर से 16 नवंबर तक सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा उन्होंने बताया कि गोमिया बेरमो बोकारो चंदनक्यारी अंतर्गत सभी प्रखंडों में पीडब्ल्यूडी एवं पचासी प्लस मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदान टीम घर-घर जाकर मतदान करने का काम करेगा।

### गांव में शिविर लगाकर स्वास्थ्य विभाग डायरिया से पीड़ित मरीजों की करें मदद: विरंची

**बोकारो।** विधायक बिरची नारायण ने चास प्रखंड के कालापत्थर पंचायत के गोमदीडीह ,पिपराबेडरा टोला में डोर टू डोर संपर्क अभियान कर ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा केंद्र सरकार व पूर्व के भाजपा सरकार के योजना से हर गांव टोला लाभाविन्त है। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र में डायरिया से कई लोगों ग्रसित जानकारी मिली।डायरिया से ग्रस्त होने के कारण सदर अस्पताल तथा विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। डायरिया पीड़ित एवं उनके परिवार से मिलकर हाल चाल जाना और बोकारो सिविल सर्जन से बात कर अविलंब गांव में कैंप लगाने तथा ग्रसित मरीजों को उच्च स्वास्थ्य सेवा देने का निर्देश दिया।सिविल सर्जन ने कहा 10 बजे तक गांव में शिविर लगाया जायेगा।उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को पहले मतदान फिर जलपान के साथ ईवीएम के क्रमांक संख्या 1 पर कमल का बटन दबाकर झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभा कर वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करे।मौके पर मंडल अध्यक्ष हरीश सिंह, अमर स्वर्णकार, सूजीत चक्रवर्ती, निमाय महथा, दीपक शर्मा, समरेस , , सुरेश शर्मा, अनंत शर्मा, राज देव, रवींद्र, अनिल, मुकेश, गुड्डु, अजय, विवेक, दिनेश, नीलकंठ, राजा राम, राजा राम, आशीष, बद्री, अम्बुज, मिथुन आदि मौजूद रहे।

### तीन सदस्यों की टीम अस्थायी पटाखा दुकान में आग लगने के मामलो कि करेंगे जाच

**बोकारो ।** पिछले दिनों गरगा पुल समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने, कई पटाखों के दुकानों के जल जाने एवं सामग्रियों की क्षति होने के संबंध में उपायुक्त विजया जाधव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करने के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जांच कमेटी के अध्यक्ष उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद को बनाया गया है, जबकि पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। उपायुक्त ने मामले में जांच कमेटी को तीन दिनों के अंदर विस्तृत जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि दीपावली के दिन पटाखे की दुकान में अचानक आग लगने से 70 दुकान जलकर राख बन गया था इस हादसे में जान माल का नुकसान नहीं हुआ था परंतु लाखों रुपए के पटाखे जल गए थे जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ था स्थानीय जनप्रतिनिधि विधायक विरंची नारायण एवं कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह सहित अन्य ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दुकानदारों को मदद करने की मांग की थी इन जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि अस्थाई तौर पर पटाखा बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस दिया गया था तो अग्नि सामान आदि की व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी इससे प्रशासनिक लापरवाही उजागर होती है।

### पोस्ट बैलेट से मतदान करने वाले मीडिया कर्मी भरे फॉर्म 12 डी

**बोकारो।** पोस्टल बैलेट डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करने वाले इच्छुक प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे सूचना भवन में उपलब्ध फार्म 12डी भरें तथाअपने साथ फोटो मतदाता पहचान पत्र ईपीक की छाया प्रति साथ लाएं। सूचना भवन में पर्याप्त फार्म 12डी उपलब्ध हैं।

### मतदान केदो में तमाम सुविधाएं उपलब्ध रहेगा : मुकेश

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने आगामी चुनाव को लेकर बेरमो प्रखंड अंतर्गत नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 6 अम्लोबस्ती सुभाष नगर फील्डक्वारी रांची धौडा जवाहर नगर रामनगर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि मतदान के दिन तमाम मतदान केदो में सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेगा। सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि अगर कोई मतदान केंद्र में कोई कमी है तो उसकी सूचना उपलब्ध करवाए ,समय पूर्व उसपर कार्य हो जाएगा। कहा की लोकतंत्र के पर्व में कोई भी संबंधित कर्मचारियों कोताहि नहीं बरते ।इस बार शत प्रतिशत मतदान हो इसको लेकर प्रशासन प्रयास करते हैं। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मिथिलेश कुमार पांडे, उमेश कुमार, कौशल सिंह, कैलाश ठाकुर ,अशोक पांडे, सलीम अंसारी ,सोनू कांत वर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रचंड बहुमत से होगी अनूप की जीत अजय

**बांध कथारा।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने अल्प कार्यकाल में विकास की गंगा बहाई है ।बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। संचालन क्षेत्रीय सहायक सचिव व बोडिया दक्षिणी पंचायत के अध्यक्ष विजय यादव के द्वारा किया गया। संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा वर्तमान के केंद्र सरकार उद्योग एवं मजदूर विरोधी सरकार है देश के मजदूरों को जो सुख सुविधा प्राप्त हुए हैं उसमें कांग्रेस पार्टी का सबसे बड़ा योगदान है ? ।बेरमो की जनता विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के विकास कार्यों से प्रभावित होकर अनूप के पक्ष में मतदान करने के लिए संकल्पित है ।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लेकर बेरमो विधायक को विजय बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह आशीष चक्रवर्ती वेदव्यास चौबे विजय यादव राजेंद्र वर्मा राजेंद्र तिवारी मोहम्मद नसीम बीएन तिवारी शिवदत्त चौहान सुजीत मिश्रा हरिहर चौहान सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### लोक आस्था पर्व पर श्रमदान से छठ घाटों की सफाई

**तेनुघाट।** तेनुघाट लोक आस्था का महापर्व छठ का विधिवत 5 नवंबर से शुरू हो रहा है ।जिसे लेकर तेनुघाट शिविर संख्या 2 एवं 3, सरहचिया, करमाटांड़ छठ घाट का श्रमदान कर सफाई किया गया ।इससे पहले छठ घाट जाने वाले मार्गो से गंदगी को साफ किया गया ।उसके बाद रास्ते की मरम्मती किया गया ।क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा साफ सफाई किया गया, ताकि छठ वर्तधारियो और श्रद्धालुओं को छठ घाट जाने में परेशानी न हो । छठ घाट सफाई कार्य में अरूण कुमार सिन्हा, प्रमोद सिंह, प्रदीप कुमार चौधरी, जगदीश सिंह, पवन कुमार सिंह, भोला सिंह, रानू सिंह, मुकेश कुमार, सानू कुमार, मोटे लाल आदि ने अपना योगदान दिया।

# वैन की चपेट में आने से 3 की मौत पर जीटी रोड जाम



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में फकीरडीह चौक के पास आज सुबह करीब 6 बजे एक पिकअप वैन ने 3 छात्रा और एक महिला को चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही 2 छात्रा और महिला की मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल एक छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जीटी रोड को घंटों जाम कर दिया। लोगों का कहना था कि 3 छात्रा को एक महिला सुबह 6 बजे ट्यूशन के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे अनियंत्रित पिकअप वैन ने रोड किनारे खड़े चारों को चपेट में ले लिया,जिससे मौके पर ही 3 की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मरने वाले तीनों एक ही परिवार की थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। झामुमो के धनबाद जिला सचिव मन्नू आलम ने घटना के लिए एनएचआई को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि यदि आज फ्लाईओवर बना होता, तो आज मौत नहीं होती। आक्रोशित लोगों ने मुआवजा को लेकर घंटों जीटी रोड को पूरी तरह से जाम कर दिया, जिससे रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

## वेतन नहीं मिलने से धरना पर बैठा कर्मी



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**तिसरा।** बस्ताकोला क्षेत्र की दोबारी कोलियरी में जेनरल मजदूर के पद पर काम करने वाले फकीरचंद्र भुइयां को पिछले 6 माह से वेतन नहीं मिलने पर आज दोबारी कोलियरी कार्यालय के मुख्य द्वार पर परिजनों के साथ धरना पर बैठ गया। धरना की सूचना पाकर बीसीकेयू के कई नेता धरनास्थल पर पहुंच कर फकीरचंद के समर्थन में प्रबंधन का विरोध करने लगे। प्रबंधन को जानकारी मिलने पर हरकत में आया। बस्ताकोला क्षेत्र के एपीएम अभिषेक राय से बीसीकेयू नेता आनंदमयी पाल और तुलसी रवानी से दूरभाष पर वार्ता की। प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिसंबर में 6 माह का बकाया वेतन जोड़कर दे दिया जाएगा, तब जाकर धरना खत्म हुआ। फकीरचंद भुइयां ने कहा कि पिछले 7 साल से वह बीमार चल रहा था। उसे लकवा हो गया था। इलाज में काफी लंबा समय लग गया। स्वास्थ्य ठीक होन के पश्चात उसने पुनः नौकरी ज्वाइन की, लेकिन पिछले 6 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। पहले से तो भुखमरी थी और अब स्थिति बद से बदतर हो गयी है। कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर वह थक गया। इसकी लिखित शिकायत परियोजना पदाधिकारी से की थी। इसके बावजूद कोई पहल नहीं होने पर पूरे परिवार के साथ धरना पर बैठ गया। यदि दिसंबर में वेतन नहीं मिला, तो फिर से धरना देंगे। समर्थन करने वालों में लीला चौहान, सुभाष महतो, राजाराम पासवान, आनंद लाल महतो, आशीष चटर्जी, मुन्ना बेलदार, दुबे भुइयां, आनंद कोड़ा, राजेंद्र पासवान आदि शामिल थे।

## माडा का पाइप फटने से सुभाष चौक बना तालाब



**धनबाद।** एलएंडटी के पाइप फटने से तेतुलमारी सुभाष चौक की सभी दुकानों में पानी घुस गया। लोगों की मानें, तो लाखों गैलन पानी से क्षेत्र जलमग्न हो गया। मालूम हो कि तेतुलमारी स्टेशन चौक के समीप मैथन जलापूर्ति के 36 इंच का पाइप फटने से सुभाष चौक व तेतुलमारी स्टेशन चौक की सभी दुकानों में पानी घुसने से तालाब सा नजारा बन गया। लोग अपनी दुकानें बंद कर बाहर निकल गये। पूर्व पंचायत समिति सदस्य नीतीश कुमार ने कहा कि पाइप फटने की सूचना विभाग को देने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक पाइप की मरम्मत या पानी बंद नही किया गया। सुभाष चौक क्षेत्र में बाढ़ सी स्थिति बन गयी है।

## सेवानिवृत कर्मियों को दी गयी विदाई



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**भौंरा।** पूर्वी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में आज सेवानिवृत कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्र के महाप्रबंधक निखिल बी त्रिवेदी थे। महाप्रबंधक ने सेवानिवृत कर्मचारियों से कहा कि कंपनी के नियम के अनुसार हर कर्मचारी या अधिकारी को एक ना एक दिन सेवानिवृत्ति होना ही पड़ता है। आप लोग ऐसे समय में सेवानिवृत हो रहे हैं, जब कंपनी को आपके अनुभव की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि सेवानिवृत सभी कर्मचारी अपने साथ काम करने वालों को अच्छी तरह से काम के प्रति लगन व निष्ठा सिखायें, ताकि उनकी जगह आने वाले लोग सही ढंग से कम कर सकें। हमें गर्व है कि हम एक ब्रांडेड कंपनी में काम करते हैं, जो पूरे देश को ऊर्जा देता है। जिस तरह सेना के जवान विपरीत परिस्थिति में बॉर्डर पर काम करते हैं, उसी तरह से कोयला कर्मचारी वा अधिकारी भी काम करके देश को जगमगा रहे हैं। आप सभी स्वस्थ व खुशहाल रहें तथा पैसों का सही उपयोग करें। मौके पर उप महाप्रबंधक सुशील कुमार, कार्मिक प्रबंधक संजय कुमार, मुकलेश ठाकुर, नुनुलाल पासवान आदि उपस्थित थे। सेवानिवृत कर्मियों को सूटकेस, शॉल, मोमेंटो, रिटायरमेन्ट सर्टिफिकेट, स्वीट्स, फूलमाला देकर सम्मानित किया गया।

## कानून, घुसपैठिया, विकास और भ्रष्टाचार हो चुनावी मुद्दे: पंडित

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। चुनाव 13 एवं 20 नवम्बर को होगा। दो मुख्य गठबंधन एनडीए एवं इंडी एलायंस हैं, जिनमें मुख्य टक्कर माना जा रहा है। एक नवनिर्मित पार्टी भी कहीं-कहीं असर दिखायेगी।

विधानसभा चुनाव में प्रायः स्थानीय मुद्दे छाये रहते हैं, परन्तु इस बार स्थानीय मुद्दों के साथ राज्य में गिरती कानून व्यवस्था, बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमानों का घुसपैठ, भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा एवं राज्य के विकास चुनाव के मुख्य मुद्दे होंगे। ऐसा मानना है वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी हरे राम पंडित का। श्री पंडित के अनुसार झारखंड में चारों मुद्दे हरेक पार्टी के नेताओं एवं मतदाताओं पर हावी रहेगा। विधानसभा चुनाव झारखंड राज्य की अस्मिता के साथ आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, सवर्ण, अल्पसंख्यक के लिए महत्वपूर्ण है। झारखंड के निर्माण हुए 24 बर्ष हो चुके हैं, लेकिन अलग राज्य बनाने का मकसद पूरा नहीं हो रहा



है। इसके साथ दो राज्य छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड ने विकास का रास्ता पकड़ लिया है, जबकि झारखंड खनिज संपदा में धनी होने के बाबजूद विकास में बहुत पीछे है। पिछले पांच साल में राज्य में विकास का एक भी काम ऐसा नहीं हुआ है, जिसे बताया जा सके। इस बार तो सरकारी पार्टियों को एक भी काम बताने के लिए नहीं है। भ्रष्टाचार तो झारखंड के हर टेबल में घुसा है। सर्वविदित है कि उपायुक्त, सीनियर आईएएस अफसर, मंत्री, मुख्यमंत्री सलाखों के पीछे की हवा खा चुके हैं, तो कुछ अभी खा रहे हैं। पूरे राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। आये दिन धमकी, राज्य में कोयला-बालू की संगठित लूट, बलात्कार, लव जिहाद, हत्या आम बात हो गईयीहै। शिक्षा, चिकित्सा, गरीबों के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था, आयुष्मान योजना, नल से जल की योजना इत्यादि खटाई में पड़ी है। धनबाद में जो राजनीतिक दल हवाई अड्डा के लिए जमीन उपलब्ध, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चालू, गया पुल का दोहरीकरण,, सड़क जाम कम करने के लिए फ्लाइओवर का निर्माण, पेयजल एवं पर्यावरण स्वच्छ रखने में रुचि दिखाएगा वह दल धनबाद के मतदाताओं का मत पाएमयेगा। झारखंड की ज्वलंत समस्या पूरे संथाल परगना का डेमोग्राफी बदलना है। आदिवासियों की संपत्ति बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमानों का हो जाना, आदिवासियों की जनसंख्या लगातार घटते जाना आदि बदलाव झारखंड तथा आदिवासियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ है। निकट भविष्य में इसका दुष्परिणाम भी सामने आयेगा, यदि राजनीतिक दल तुष्टिकरण करते रहेंगे। घुसपैठियों को रोकना एवं निकाल बाहर करना अतिआवश्यक है। इस बार का चुनाव इन चारों मुद्दों पर आधारित रहेगा और रहना भी चाहिए।

## विपक्षी को कमजोर न समझें: मथुरा



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** टुंडी विधानसभा चुनाव के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने पाण्डेयडीह कार स्टैंड में मजदूर व किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी को कमजोर न समझें। कोलियरी क्षेत्र के ज्यादातर मतदाता धनबाद या दूसरी जगह पलायन कर गये हैं। उनको मतदान के दिन लाकर मतदान करवाना हमलोगों का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के बाद चुनावी दौरा तेज होगा। कोई भी मतदाता छुटे नहीं तथा 2014 व 2019 की जीत के दायरा को बढ़ाना ही हमसब का उद्देश्य है। मौके पर रामप्रीत प्रसाद, नागेंद्र वर्मा, रामेश्वर सिंह, छोटु सिंह, राजेन्द्र प्रसाद राजा, कंचन महतो, शाहजादा हुसैन, रवि चौबे, शकील अहमद, बिरजू बाउरी, मनोज सरदार, राजू निषाद, दिलीप निषाद, आजाद, महेश सिंह, नंदलाल रवानी, डमरूधारी महतो, नीरज वर्मा, महेन्द्र भारती, मनोज निषाद, विजय चौहान, विक्की वर्मा, सत्यनारायण चौहान, उर्मिला देवी, संजय सिंह, अशोक चौहान, पलटू सिन्हा, धीरेन्द्र सिंह, जीतु वर्मा, शंकर चौहान, विश्वनाथ आचार्या, धर्मेन्द्र बाउरी, प्रह्लाद बाउरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## नंदी सेवा ट्रस्ट को मिला उत्कृष्टता प्रमाण पत्र



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**पुटकी।** नंदी सेवा ट्रस्ट, पुटकी को पटना के रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा द्वारा कांवरियों की उत्कृष्ट सेवा हेतु उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ जितेंद्र यादव द्वारा मंत्रियों को नंदी सेवा ट्रस्ट का मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम में नंदी सेवा ट्रस्ट के सदस्य बिरेन गोप, बबलू बर्णवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश कुमार यादव, मनोज कुमार झा, शशि कुमार बर्णवाल आदि उपस्थित थे।

## कद्दावर भाजपा नेता गणेश मिश्र के बड़े भाई जनार्दन मिश्र माले में शामिल




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**निरसा।** भाजपा के कद्दावर नेता सह प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्र के बड़े भाई जनार्दन मिश्र, जो सहारा इंडिया के अभिकर्ता हैं, अपने सहयोगियों के साथ सिन्द्री मोड़ पर आयोजित सादे समारोह में इंडिया गठबंधन के भाकपा माले नेता सह उम्मीदवार अरुप चटर्जी की उपस्थिति में भाकपा माले का दामन थाम लिया। श्री चटर्जी ने उन्हें एवं उनके सहयोगियों को बुके देकर सम्मानित किया। श्री चटर्जी ने कहा कि करोड़ों लोगों के पैसे सहारा में फंस गये हैं। बहुत से लोग बच्चों की पढ़ाई, बेटी की शादी, बुढ़ापे में जीवन यापन हेतु सहारा में पैसा जमा किया था, उन्हें पैसे नही मिले। पैसा डूबने के शोक में कई की मृत्यु हो गयी, तो बच्चों की पढ़ाई व बेटी की शादी रुक गयी। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुनः हेमंत सोरेन की सरकार बनने पर उनकी पहली प्राथमिकता होगी कि सरकार के माध्यम से गृह मंत्री अमित शाह से सहारा में रुका पिसा निकलवाने का अथक प्रयास करेंगे। मालूम हो कि निरसा विधानसभा के चुनाव मैदान में भाजपा की अपर्णा सेनगुप्ता, इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी अरुप चटर्जी, एनसीपी से उमेश गोस्वामी व बसपा सहित 9 प्रत्याशी हैं। चुनाव 20 नवम्बर को और परिणाम 23 नवम्बर को आना है।

## चार दिवसीय महापर्व छठ आज से प्रारंभ

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ कल से प्रारंभ होगा। छठ पूजा हिन्दुओं के सबसे प्राचीन त्यौहारों में से एक है। यह खासकर बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के दक्षिणी भाग में विशेष रूप से मनाया जाता है। यह त्यौहार हिंदू कैलेंडर विक्रम संवत में कार्तिक महीने के छठे दिन और दीपावली के छह दिन बाद मनाया जाता है, जो शुक्ल चतुर्थी से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल सप्तमी पर समाप्त होता है। नहाय- खाय के साथ छठ पूजा की शुरूआत होती है और उदयाकालीन अर्घ्य के साथ समाप्त होती है। हिंदू धर्म के सभी व्रत- त्यौहार में छठ पूजा को सबसे कठिन माना जाता है, क्योंकि इसमें महिलायें 36 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं। यह पर्व सूर्यदेव को समर्पित है। छठ पूजा महिलाओं के



साथ मर्द भी करते हैं। यह पूजा विशेष कर अपनी संतान की सुख, समृद्धि और लंबी आयु के लिए की जाती है। छठ पूजा के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे शाम में और चौथे दिन सुबह में भगवान सूर्य को आर्ध्य दिया जाता है। इस साल इस छठ महापर्व की शुरूआत 5 नवंबर को नहाय-खाय के साथ हो रही है। दूसरे दिन 6 नवंबर को खरना है। इस दिन व्रती पूरा दिन व्रत करती हैं और रात के समय खीर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के बाद से ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाता है। तीसरा दिन 7 नवंबर को संध्याकालीन अर्घ्य है। इस दिन संध्या के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। चौथे दिन 8 नवंबर को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हो जाएगा। इस दिन व्रती महिलाओं भोर के समय जल में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य के बाद पारण करती हैं।

## रागिनी के लिए वोट मांग रही बेटी शताक्षी



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**झरिया।** झरिया से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के लिए उनकी बड़ी बेटी शताक्षी उर्फ साक्षी घर-घर जाकर प्रचार कर रही है। प्रत्याशी के पक्ष में उनकी सास सह पूर्व विधायक कुंती देवी, ननद किरण सिंह, देवर सिद्धार्थ गौतम भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। दूसरी ओर रागिनी सिंह दिन-रात प्रचार में लगी है व लोगों से मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए बहुत बड़े वरदान हैं। उनकी अगुवाई में देश तेज गति से तरक्की कर रहा है। भाजपा की ह्यडबल इंजनह्न सरकार से विकास का इतिहास बनेगा। प्रत्याशी के पक्ष में उनकी बड़ी बेटी शताक्षी उर्फ साक्षी हर कदम पर उनका साथ निभाते हुए कड़ी मेहनत कर रही है। अपनी मां के लिए वोट मांगने को लेकर लोगों के घर-घर पहुंच उनके पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। उनकी बड़ी ननद किरण सिंह भी उनके प्रचार-प्रसार में लगी हुई है।

## एडीएम ने किया अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर धनबाद जिला प्रशासन लगातार सभी विधानसभा का भ्रमण कर रहा है। चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर स्थानीय पुलिस को कई दिशा निर्देश दिये गये हैं। आज एडीएम सह आरओ पियूष सिन्हा ने जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के रमजानपुर स्थित बूथ संख्या 165, 166, 167, 168 का जायजा लिया। ये क्षेत्र के अतिसंवेदनशील बूथों में से हैं। यहां प्रत्येक चुनाव में तनाव व्याप्त रहता है। इस दौरान एडीएम के साथ बलियापुर सीओ सह एआरओ प्रवीण कुमार, सम्राट चौधरी, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा मौजूद थे।

## एक नजर

### रोलिंग स्केटिंग में अवनी राज को मिला कांस्य पदक




**धनबाद।** रांची के खेलगांव में आयोजित 14वीं झारखंड स्टेट रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की कक्षा 5 की छात्रा अवनी राज ने 100 मीटर की रेस में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता झारखंड के रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से करायी गयी थी। अवनी ने अपनी जीत का श्रेय कोच शिव कुमार महतो तथा अपने बड़े पापा बबलू पासवान उर्फ शांतनु चंद्रा को दिया।

### झामुमो कार्यकताओं ने थामा भाजपा का दामन



**तिसरा।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अलकडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया सुभाष मुखर्जी व झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला युवा मोर्चा के सह सचिव बसंत ठाकुर दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय जनता की सिन्दरी उम्मीदवार तारा देवी के समक्ष भाजपा में शामिल हो गये। इनमें चंदन चौहान, विजय कुमार, अजीत रजवार, दिलीप रजवार, भुवन मोदक, बुद्धू पासवान को तारा देवी ने भाजपा का पट्टा पहना कर स्वागत किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक महतो ने दी है।

### भाई फोटा पर भाइयों की लम्बी उम्र की कामना



**मैथन।** भाई फोटा के मौके पर मैथन एवं समीपस्थ क्षेत्र खासकर ग्रामीण इलाकों में बंगाली समाज की बहनों ने भाइयों की लम्बी उम्र के लिए ईश्वर से कामना की। बहनों ने अपने घरों मे चंदन, रोरी, तेल, शंख सहित विभिन्न प्रकार की मिठाई थाली मे सजाकर भाइयों के दीघार्यु होने की कामना करते हुए ललाट पर तिलक लगाया। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह का अनूठा त्यौहार है।

### मेले में झूला कर्मियों से मारपीट



**धनबाद।** बाघमारा थाना क्षेत्र में कालीपूजा मेले में आज सुबह दर्जनों युवकों ने मेले में आये झूला कर्मियों के साथ मारपीट की, जिससे करीब आधा दर्जन झूला कर्मी घायल हो गये। सभी का इलाज बाघमारा सामुदायिक अस्पताल में चल रहा है। घटना मेले में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। घायल झूला कर्मी ने बताया कि बीती रात किसी बात को लेकर स्थानीय युवकों से विवाद हुआ था। अनुमान है कि विवाद में शामिल युवकों ने ही मारपीट की है। स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच कर रही है।

### महुदा में जोरों पर अवैध कोयला कारोबार



**महुदा।** महुदा-कतरास फोरलेन सड़क स्थित शान होटल एंड ढाबा के समीप तथा मम्मी होटल महुदा से जाने के क्रम होटल के दाहिनी ओर जंगल में अवैध कोयला डिपो बड़े पैमाने पर चल रहा है। प्रतिदिन 12 चक्का कोयला लोड दो ट्रकों को निकलते देखा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक उक्त जंगल से कोयले की निकासी की जा रही है। महुदा थाना क्षेत्र एवं मधुबन थाना के बॉर्डर पर यह कारोबार खुलेआम डंके की चोट पर चल रहा है। अवैध उत्खनन से आस-पास के ग्रामीण भयभीत हैं। महुदा एवं मधुबन की सीमा का निर्धारण नहीं होने से दोनों थाने के बीच मामला उलझा हुआ है। ग्रामीणों ने अतिशीघ्र सीमा क्षेत्र पर बोर्ड लगाने की मांग की है।

### भाजपा प्रत्याशी तारा देवी का स्वागत

**तिसरा।** बलियापुर पर्जन्य बीएड कॉलेज में आजसू पार्टी सिन्दरी विधानसभा की ओर से आयोजित सम्मान सह अभिनन्दन कार्यक्रम में सिन्दरी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी का भव्य स्वागत करते हुए जीत का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष मंटु महतो ने की। मौके पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय सिंह, प्रसिद्ध अधिवक्ता सह आजसू नेता राधेश्याम गोस्वामी, हीरालाल महतो, छात्र नेता विशाल महतो, दिवाकर महतो, नितेश महतो, बलराम महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व कॉलेज के शिक्षाविद उपस्थित थे।

### राजा पीटर के समर्थन में जनसंपर्क

**धनबाद।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जदयू के प्रत्याशी राजा पीटर के समर्थन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने आज सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नावाडीह, हरार्डीह, बेरो, सरमाली, चालूडीह, जेगो, बाराडीह आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों से राजा पीटर को जिताने की अपील करते हुए कहा कि राजा पीटर की जीत से जदयू के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती मिलेगी। जनसंपर्क अभियान में धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिंह, तमाड़ से जदयू नेता योगेंद्र महतो आदि शामिल थे।

## नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली से प्रतिनियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी( retd IAS ) एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ( retd IPS ) ने मतगणना के निमित्त बाजार समिति हजारीबाग में बनाए गए ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया मौजूद रही। मौके पर उन्होंने मतगणना स्थल में सुरक्षा,विधि-व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना के पूर्व तैयारियों के निमित्त बाजार समिति के स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल और अन्य व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने बज्रगृह सह मतगणना केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो रही छठ पूजा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर ।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा एक प्राचीन और महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। सूर्य देव और छठी मैया (माता षष्ठी) को यह पर्व समर्पित है। यह पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। इसके साथ ही देश के दूसरे हिस्सों में भी यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। छठ पूजा के दौरान सुथनी, दउरा और गन्ना का विशेष महत्व होता है।

**कब है छठ पूजा 2024 :** पंचांग के अनुसार, छठ पर्व की शुरूआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है। वहीं, इस त्योहार का समापन सप्तमी तिथि पर होता है। ऐसे में छठ महापर्व 05 नवंबर से लेकर 08 नवंबर तक मनाया जाएगा।

**सुथनी का महत्व :** सुथनी, जो एक पवित्र फल है, को छठी मैया को अर्पित किया जाता है। इसका स्वाद शकरकंद जैसा होता है और इसे जड़ों से निकाला जाता है। यह फल शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। आयुर्वेद में इसके कई औषधीय गुणों का उल्लेख है, जिससे यह एक विशेष स्थान रखता है। श्रद्धालु इसे अपने घर में भी रखते हैं, ताकि परिवार में सकारात्मकता बनी रहे।

**गन्ना : समृद्धि का प्रतीक :** गन्ना भी छठ पूजा का एक अनिवार्य हिस्सा है। इसे छठी मैया को अर्पित किया जाता है और इसके टुकड़े प्रसाद के रूप में बांटे जाते हैं। गन्ना के बिना छठ पूजा अधूरी मानी जाती है। यह माना जाता है कि गन्ना चढ़ाने से समृद्धि और खुशहाली मिलती है। महिलाएं गन्ने को बांधकर नदी या घाट पर ले जाती हैं, जहां सूर्य की उपासना की जाती है। गन्ने की मिठास से परिवार में प्रेम और समर्पण बढ़ता है, जिससे रिश्तों में मिठास बनी रहती है।

**दउरा का विशेष महत्व :** छठ पूजा में दउरा का भी विशेष स्थान है। यह बांस से बना एक विशेष बर्तन है, जिसमें छठी मैया का प्रसाद रखा जाता है। दउरा का प्रयोग वंश वृद्धि के लिए किया जाता है, जो इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है। इसे फलों से सजाया जाता है और स्वच्छ वस्त्र से ढका जाता है। दउरा की पवित्रता का ध्यान रखना आवश्यक होता है, क्योंकि यह पूजा का अभिन्न हिस्सा है।

**चार दिनों का विधि-विधान**

छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन श्रद्धालु स्नान करके शुद्धता प्राप्त करते हैं और घर की सफाई करते हैं। इसके बाद बिना लहसुन और प्याज का भोजन बनाया जाता है।

### कार्तिक छठ पूजा कैलेंडर

- 05 नवंबर 2024, मंगलवार- नहाय खाय
- 06 नवंबर 2024, बुधवार- खरना
- 07 नवंबर 2024, गुरुवार- संध्या अर्घ्य
- 08 नवंबर 2024, शुक्रवार- उषा अर्घ्य

### जानें सुथनी, दउरा और गन्ना का महत्व



## मगंलवार को आयेंगे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**जमशेदपुर ।** पांच नवंबर को झारखंड में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी कार्यक्रम तय किया गया है. रक्षा मंत्री श्री सिंह हटिया विधानसभा क्षेत्र के रातू में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद वह लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे. यूपी के सीएम आदित्यनाथ जमशेदपुर और रामगढ़ में चुनावी सभाओं में हिस्सा लेंगे।

## दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में कार्यकताओं की बैठक संपन्न



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के सक्रिय कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो जी ने की। उन्होंने बैठक के दौरान कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में ममता देवी जी को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान बजरंग महतो जी ने कार्यकताओं को संगठित होकर चुनाव प्रचार में जुटने की अपील की। उन्होंने ममता देवी जी के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि ममता देवी जी ने सदैव जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। कार्यकताओं ने भी पूरी निष्ठा से ममता देवी जी के समर्थन में काम करने का वादा किया। इस अवसर पर बजरंग महतो जी ने कहा, रामगढ़ की जनता को ममता देवी जी पर विश्वास है, और हमें एकजुट होकर इस विश्वास को और मजबूत करना है। हमें पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरना है ताकि ममता देवी जी को भारी मतों से जीत दिलाई जा सके। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकताओं के संकल्प के साथ हुआ कि वे रामगढ़ विधानसभा चुनाव में ममता देवी जी की विजय सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे।

## 22 सितंबर बाईपास के समीप बुलेट मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

दबंग हिन्द,संवाददाता



**गुमला ।** गुमला पुलिस ने गत 22 सितंबर को तर्री बाइपास के समीप खरका निवासी शुभम कुमार से बुलेट बाइक व उसका व उसके दो दोस्तो का मोबाइल लूटपाट करने के मामले का उद्भेद्धिन कर लिया है. पुलिस ने उक्त मामले में तिर्रा केमताटोली बसिया निवासी सुमित डुंगडुंग (25), खरकी बालाटोली किस्को लोहरदगा निवासी लक्ष्मण भगत (20), बरिसा गुमला निवासी बुधवा उरांव (22) व गिंडराटोली गुमला निवासी बुधेश्वर उरांव (24) को गिरफ्तार किया. जिसे न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया. पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक रॉयल इनफिल्ड बुलेट, वीवो कंपनी का काला रंग का एक मोबाइल, काला रंग का एक वन प्लस मोबाइल, चमकीला सफेद रंग का एक रेडमी कंपनी का मोबाइल व लूटपाट में उपयोग किया गया दो बाइक बरामद किया है. जानकारी एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने देते हुए बताया कि एसपी शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि टोटो बाजार के पास तीन अवस्था में थे. जिन्हें टीम गठित कर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में तीनों ने अपना नाम सुमित डुंगडुंग, बुधेश्वर उरांव व लक्ष्मण भगत बताया. तलाशी लेने पर दो लोगों के पास से दो मोबाइल बरामद किया गया. कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों ने तर्री बाइपास रोड़ से एक बुलेट व तीन मोबाइल लूट की घटना की बात स्वीकार की. वहीं दोनों मोबाइल लूट का है. गत रविवार को भी अपराध की नियत से टोटो बाजार आये थे. लेकिन पकड़े गये. पूछताछ के बाद इनकी निशानदेही से पुलिस ने चौथा आरोपी बुधवा उरांव को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से पुलिस ने लूट का तीसरा मोबाइल बरामद किया. वहीं चारो आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने शुभम कुमार की लूटी हुई बुलेट को बुधेश्वर उरांव के घर गिंडरा कानाटोली से बरामद किया गया. एसडीपीओ ने बताया कि गत 22 सितंबर को खरका निवासी शुभम कुमार व उसके दो दोस्त बाइक से तर्री बाइपास के पास घूमने आये थे. जहां वे अपनी मोबाइल से फोटो खिंचवा रहे थे. इसी बीच उपरोक्त आरोपियों ने इनके साथ लूटपाट कर फरार हो गये थे. उन्होने बताया कि सुमित डुंगडुंग के खिलाफ बसिया में एक, पालकोट में एक व कोलेबिरा में चार मामला दर्ज है. छापामारी में थानेदार सुरेंद्र कुमार सिंह, एसआइ मुनेश तिवारी व तकनीकि शाखा के एसआइ अजय कुमार विनय कुमार महतो औरंगजेब खान त्रिपुरारी गोस्वामी सहित पुलिस जवान शामिल थे।

# टिप टेलर- 407 में सीधी टक्कर, तीन की दर्दनाक मौत, दो गंभीर

दबंग हिन्द,संवाददाता



**चाईबासा ।** सरायकेला- राजनगर मार्ग पर कालापाथर गांव के समीप रविवार देर रात हुए टिप टेलर और 407 एलपी के बीच हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया है. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना पर पहुंची पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सरायकेला की ओर से आ रहे 407 वाहन संख्या JH06R- 6361 की राजनगर की ओर से आ रहे टिप टेलर संख्या JH 05CQ- 1369 के बीच कालापाथर गांव के समीपआमने- सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे टिप टेलर में आग लग गया और टिप टेलर चालक की जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 407 के चालक और खलासी की भी मौत हो गई. वहीं 407 में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बाहर निकाला गया और सदर अस्पताल भिजवाया गया. इधर सूचना मिलते ही सरायकेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, जबकि एक शव 407 के अंदर फंसा हुआ है जिसे निकालने का प्रयास चल रहा है. घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई. समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

## भाजपा नेत्री ललिता कोड़ाह अपनी दर्जनों समर्थकों के संग झामुमो का दामन थामा



**चक्रधरपुर।** सोनुवा में भाजपा महिला मोर्चा नेत्री सह भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ललिता कोड़ाह, मुनी बानरा समेत दर्जनों महिलाओं ने झामुमो में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. साथ ही विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी जगत माझी के समर्थन में भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया. सांसद जोबा माझी ने सभी महिलाओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया. साथ ही सभीको झामुमो में शामिल होने के लिए बधाई व शुभकामनाएँ दी.इस मौके पर झामुमो प्रत्याशी जगत माझी भी उपस्थित थे।

## टाटानगर स्टेशन के डायरेक्टर के रूप में सुनील कुमार ने संभाला चार्ज



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर ।** टाटानगर स्टेशन में डायरेक्टर के रूप में सुनील कुमार ने कार्यभार संभाला. सुनील कुमार ने कहा कि उनके लिए चक्रधरपुर डिवीजन कोई नया नहीं है. डोंगवापोसी स्टेशन प्रबंधक पर चार साल और सीनी ट्रेनिंग स्कूल में 11 साल से अधिक तक सेफ्टी इंस्ट्रक्टर के रूप में कार्य कर चुके हैं. मेंस यूनियन ने रविवार को मंडल संयोजक एमके सिंह, शिव कुमार, एमपी गुप्ता, चंद्र प्रकाश समेत कई अन्य सदस्यों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. इसके पहले सुनील कुमार खड़गपुर मंडल में एओएम (कंट्रोल) के पद पर पदस्थापित थे. टाटानगर में सबसे कम कार्यकाल के रूप में स्टेशन डायरेक्टर एएल राव का कार्यकाल था. 26 अप्रैल को योगदान देने के बाद 30 अक्टूबर को सेवानिवृत होने के बाद उन्हें विदाई दी गई. उसके बाद से यह प्रभार सीनियर ओपी शर्मा और जीसी मांझी देख रहे थे. इससे पूर्व रघुवंश कुमार और अवतार सिंह स्टेशन डायरेक्टर रह चुके हैं. सुनील कुमार ने टाटानगर स्टेशन के चौथे निदेशक के रूप में पदभार संभाला।

# प्रमंडल के सभी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ हुई समीक्षा बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता



**हजारीबाग ।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हजारीबाग में निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली के विशेष सामान्य प्रेक्षक श्री योगेंद्र तिवारी (retd IAS) और विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह(retd IPS) ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में हजारीबाग प्रमंडल के सभी सात जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। निर्वाचन आयोग से नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह सोमवार को हजारीबाग पहुंचे। प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग के जिला समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित मतदान कराने की दिशा में कार्य करने को कहा। विशेष सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव को लेकर मतदान पूर्व पूरी तैयारी कर लें और कमियों को तत्काल दूर करते हुए अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पक्षपात रहित मतदान आवश्यक है। चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करते सभी बिंदुओं पर बारीकी से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र तक उन्हें लाने के लिए परिवहन सुविधा की पूर्व मैपिंग करने का निदेश दिया। साथ ही मतदान कर्मियों को विभिन्न परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र के सभी स्थान एवं निर्धारित समय तक पहुंचाना सुनिश्चित कराने से मतदान प्रतिशत की कमियों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखते हुए अफवाहों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। उन्होंने निदेश दिया कि विधि-व्यवस्था संधारण में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दें।

विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान त्योहार का भी माहौल है।ऐसे में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखा जाना आवश्यक है। विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होने से स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सहुलियत होगी। प्रेषकों ने मतदान के समय एवं मतदान केंद्रों के बदलाव को लेकर मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक करने का निदेश दिया।

## आगामी छठ पर्व को लेकर थाना प्रभारी गुमला ने नागरिकों से की अपील



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला ।** आगामी छठ पर्व को देखते हुए थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने गुमला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा गुमला में बीते दिनों लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थी पुलिस प्रशासन के तत्परता से चोरी की घटना में कमी आई है और पुलिस इस पर अंकुश लगाने में सफल हुई। फिर भी चोर मौका की तलाश में रहते हैं। छठ पर्व को देखते हुए उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि घर छोड़ते समय अपने अपने कीमती सामानों और नगद को सुरक्षित स्थान पर रखें। घर लंबे समय तक बंद रखते हैं तो इसकी सूचना स्थानीय थाना को जरूर दें। वही बताया छठ पर्व के दौरान पूरे शहर में गस्ती टीम को तैनात किया जाएगा। वही विशेष गश्ती टीम को सादे लिबास में शहर के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। वहीं किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस द्वारा जारी नंबर 94 317 06206 और 7004400765 को दें।

## एक नजर

### नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत सभी छठ तालाबों में साफ सफाई के कार्य तीव्र गति से किए जा रहें हैं



**गुमला।** आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए गुमला जिले के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 4 प्रमुख छठ तालाबों , भट्ठी तालाब, वन तालाब, मुरली बगीचा एवं चेटर तालाब की साफ-सफाई के कार्य नगर परिषद द्वारा तीव्र गति से किए जा रहें है। नगर परिषद के प्रशासक सार्जेन मरांडी ने बताया कि अगले दो दिनों के भीतर सभी तालाबों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, एवं अन्य आवश्यक कार्य पूरे कर दिए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान कोई असुविधा न हो। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि पर्व के दौरान स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और प्रशासन का सहयोग करें।इसके साथ ही जिले में लगे आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए ही त्योहारों को मनाएं।

### नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**गुमला ।** जिला प्रशासन गुमला के तत्वावधान में आज परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में रश्एएढ गतिविधियों के अंतर्गत जिला स्तरीय बालक/बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता के माध्यम से नए मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया एवं उन्हें मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बालिका वर्ग में एफ.सी. गुमला ने राइजिंग स्टार गुमला को 8-0 से पराजित कर विजयी घोषित हुई। वहीं, बालक वर्ग में गुमला एकादश ने 11 गुमला को टाई ब्रेकर में 5-4 से मात देकर खिताब अपने नाम किया।इस अवसर पर स्वीप प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक PD ITDA गुमला रीना हांसदा, स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी , एवं जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाया गया। इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### कटकमसांडी में मुन्ना सिंह का जनसंपर्क यात्रा ,मिल रहा है लोगों का आशीर्वाद और समर्थन



**हजारीबाग ।** हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह के साथ उनके कार्यकर्ता एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने होरिया, रेबर, बलिया बजरंगबली मंदिर, कुरहागढ़ा बाजार चौक, नवाखाप, भेलवारी, फुटानी चौक, बारीकोलाझोंझी चौक, डोढ़वा, महुगाई, आराभुसाई, लावाकुदर, बचरा, अमझर, धौठवा बाजार, कोनहर, मनार, माड़ीगढ़ा, डिबलबांध, गुरी, झारदाग, डोहुरि, कठौतिया स्कूल मैदान, डाटों खुर्द बाजार, जतरा मेला, नदी पार इलाकों का भ्रमण कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। झारखंड सरकार के द्वारा योजनाओं के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों से जनता के बीच बहुत ही उत्साह देखा जा रहा है और जनता कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह को अपना आशीर्वाद दे रही है।पद यात्रा में जनता का कहना है के हजारीबाग के विकाश के लिए मुन्ना सिंह को हजारीबाग से विधायक बना कर भेजना जरूरी है। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत जी, दौत्व मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटो खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

### दामोदर नदी छठ घाट में स्नान करने के दौरान दो युवक की मौत



**गिद्दी।** गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गिद्दी दामोदर नदी छठ घाट के समक्ष दोपहर लगभग 2 बजे गिद्दी निवासी पिता स्व0 मोती राय लाल के पुत्र उम्र लगभग 19 वर्ष गोलू उर्फ आशुतोष राय व पिता रघुवंश राय के पुत्र आयुष राय उम्र लगभग 16 वर्ष तथा पिता अनिल राय के पुत्र अनुप राय छठ घाट बनाने के के लिए तीनो युवक गये थे। छठ घाट का साफ-सफाई कर तीनो युवक गिद्दी दामोदर नद में स्नान करने लगे। इसी बीच तीनो युवक असंतुलित होकर डूबने लगा। युवकों को डूबते देख स्थानीय लोगों ने अपने प्रयास से एक युवक को बचा लिया। जबकि दो युवक पानी में डूबे रह गये। काफी मशक्कत के बाद दोनों युवक को गिददी प्रशासन व स्थानीय लोगों के पहल पर नदी से बाहर निकाल लिया गया। नदी से युवकों को निकलते ही स्थानीय लोगों व प्रशासन के पहल पर नईसराय अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने युवको को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सदल बल के साथ व भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया ।इस घटना से क्षेत्र में काफी मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### चैनपुर छठ घाटों की सफाई न होने से श्रद्धालुओं में असंतोष


**चैनपुर।** चैनपुर में छठ पर्व के लिए घाटों की सफाई अब तक नहीं की गई है, जिससे स्थानीय श्रद्धालुओं में असंतोष उत्पन्न हो रहा है। हर वर्ष छठ पर्व को लेकर श्रद्धालु साफी नदी के किनारे स्थित घाट पर बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं। श्रद्धालु इस पर्व को उल्लास और भक्ति के साथ मनाते हैं, लेकिन इस बार सफाई की अनदेखी ने उनकी आस्था को प्रभावित किया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रखंड प्रशासक द्वारा इस महत्वपूर्ण अवसर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उनका मानना है कि छठ घाट की साफ-सफाई और पवित्रता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पर्व श्रद्धालुओं के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी है। श्रद्धालुओं का यह भी कहना है कि प्रखंड प्रशासन को इस पर्व के मद्देनजर घाटों की सफाई का कार्य समय पर पूरा करना चाहिए था। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो इसे श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ माना जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वह जल्दी से जल्दी घाटों की सफाई सुनिश्चित करे, ताकि वे इस महत्वपूर्ण पर्व को खुशी और श्रद्धा के साथ मना सकें। चैनपुर प्रखंड के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा और घाटों की सफाई की जाएगी, ताकि छठ पर्व का आयोजन पवित्रता और शांति के साथ हो सके। इस तरह के धार्मिक पर्वों के दौरान साफ-सफाई को प्राथमिकता देना सभी के लिए आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े।

### चैनपुर में तीन मतदाताओं ने होम वोटिंग कर अपना मत का किया प्रयोग

**चैनपुर।** विधानसभा चुनाव में होम वोटिंग की व्यवस्था की गई। चैनपुर में 85 साल और उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया गया।सोमवार को प्रशासन द्वारा चिन्हित दिव्यांग एवं बुजुर्गों ने मतदान किया। इसमें अगुस्टिंग मिंज एवं मरियम मिंज 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग और पोल पीटर कुजूर दिव्यांग थे। इन मतदाताओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बीएलओ ममता गुप्ता और रजनी एक्का के सहित एक टीम को सौंपी गई थी, जिसमें कुल नौ आधिकारी थे।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# हैरिस हों या ट्रंप- भारत- अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त



आर.के. सिन्हा

**प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

अमेरिका में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है।

भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में




प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है।

भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। ₹सिलिकॉन वैली₹ में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं।

हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्गंना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्गंना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत- अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# कनाड़ा की अपरिपक्वता

सरकार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कनाड़ाई मंत्री के आरोपों को 'बेतुका और निराधार' करार देते हुए खारिज कर दिया। इससे पहले शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कनाड़ाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया गया और उन्हें एक नोट सौंपा गया जिसमें कनाड़ाई मंत्री के आचरण पर नाराजगी जताई गई। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नोट में भारत सरकार ने कनाड़ा के उपमंत्री डेविड़ मॉरिसन के आरोप पर गहरी नाराजगी जताई। मॉरिसन ने मंगलवार को एक संसदीय पैनल के समक्ष कहा था कि कनाड़ा में सिख अलगाववादियों पर हमले की साजिश के पीछे पीएम मोदी के



नेतृत्व वाली सरकार के एक शीर्ष पदस्थ अधिकारी थे। दरअसल, कनाड़ा पुलिस ने जब से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच के दौरान मिले 'सबूतों' के आधार पर भारत सरकार के एजेंटों का नाम लिया है, तब से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उभर आई है। कनाड़ा पुलिस ने कहा है कि उसकी जांच में कनाड़ा में 'हत्याओं और हिंसक कृत्यों' और भारत सरकार के एजेंटों के बीच संबंधों का पता चलता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते दोनों ने एक दूसरे के राजनयिकों को वापस बुला लिया। कनाड़ा तनाव बनाए रखने का रवैया अपनाए हुए है, और बीते मंगलवार को कनाड़ाई मंत्री का बयान इसी सिलसिले का हिस्सा है। कनाड़ा आखिर, भारत के साथ संबंधों की कीमत पर इस प्रकार का रवैया क्यों अपनाए हुए है। दरअसल, कनाड़ा में निकट भविष्य में चुनाव होने हैं, और वहां सिखों की खासी आबादी है, जिस पर अलगाववादी खासा प्रभाव रखते हैं। इनके मतों पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूड़ो की नजर है। इसलिए इन मतदाताओं के तुष्टिकरण की गरज से कनाड़ा गैर-जिम्मेदाराना हरकत किए जा रहा है। सबूत मांगे जाने की भी अनदेखी कर रहा है। राजनयिक परिपाटियों का 'घोर उल्लंघन' करने तक से नहीं चूक रहा। उसने भारत को साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची तक में ड़ाल दिया है। कनाड़ा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को ऑड़ियो और वीड़ियो निगरानी में रखकर उनका 'उत्पीड़न' शुरू कर दिया है। वह हर वो कोशिश कर रहा है जिससे भारत के खिलाफ वैश्विक विमर्श को प्रभावित कर सके। जो भी आरोप लगा रहा है, उसके समर्थन में कोई प्रमाण भी पेश नहीं कर रहा। कहा जा सकता है कि कनाड़ा के व्यवहार में परिपक्वता का अभाव है।

## चिंतन-मनन

# जीवन का संघर्ष

एक दिन एक व्यक्ति बहुत परेशान लग रहा था। मित्र ने पूछा- क्या बात है? आज इतने परेशान क्यों हो?

उसने कहा- मैं बहुत मुसीबत में फंस गया हूं।

मित्र बोला- तुम्हारी क्या मुसीबत हो सकती है? तुम्हारे दोनों लड़के संपन्न हैं। खूब धन कमा रहे हैं। तुम्हें किस बात की कमी है?

तुम ठीक कहते हो। लड़के संपन्न हैं, पर मेरी मुसीबत उनके कारण ही है। ?सा क्या हुआ, जो मुसीबत आ गई? मुसीबत बहुत बड़ी है। मैंने लड़कों को पढ़ाया। एक डॉक्टर बन गया और एक वकील। उनका यह व्यवसाय ही मुसीबत का कारण है।

उनके व्यवसाय से आपकी मुसीबत का लेना-देना क्या है?

हुआ यह कि एक एक्सीडेंट में मेरे पैर में चोट लग गई, पैर में घाव हो गया। जो डॉक्टर है, वह कह रहा है, पिताजी! घाव को जल्दी ठीक कर लें अन्यथा इसमें रस्सी पड़ जाएगी। हो सकता है फिर पैर काटने के सिवाय कोई विकल्प न रहे। यह तो अच्छी बात है। इसमें मुसीबत का प्रश्न ही कहां है? लेकिन जो वकील है, वह कह रहा है पिताजी! अभी घाव को ठीक नहीं करना है। इसे बढ़ने दें। जब घाव गहरा हो जाएगा, तब मैं दावा करूंगा और पूरा हजार्ना वसूल करूंगा। यही मेरी मुसीबत है। यह जीवन का संघर्ष है, टकराहट है। व्यक्ति दोनों ओर से खिंचा जा रहा है। एक लड़का कहता ठीक कर लें और एक लड़का कह रहा - घाव को और गहरा होने दें। यह जीवन का विचित्र संघर्ष है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति जी रहा है और संघर्षो को झेल रहा है।

# छठ व्रत की महिमा अपरम्पार !

छठ व्रत की महिमा अपरम्पार है जिसकी ख्याति दिन दुनी रात चैगनी विश्व पैमाने पर फैलती जा रही है। इसकी अपार महिमा के चलते आज व्रत करने वालों की संख्या में भी अपार वृद्धि होती जा रही है। देश के पूर्वी भाग बिहार उ.प्र. से शुरू होने वाला यह व्रत आज देश के हर भाग सहित विश्व स्तर पर श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। इस व्रत में मुख्य रूप से सूर्य की उपासना होती है। उगते सूर्य की उपासना तो सभी करते है पर विश्व स्तर पर यह अपने आप में अद्वितीय व्रत है जहां डूबते सूर्य की भी उपासना की जाती है। इस व्रत की शुरूआत हर वर्ष कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है तथा षष्ठी तिथि की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के उपरान्त समापन सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाता है। इस वर्ष यह व्रत 5 नवंबर से लेकर 8 नवम्बर तक मनाया जायेगा।

इस व्रत में व्रत करने वाला व्रती चतुर्थी तिथि से नहाय खाय, पंचमी को खरना, षष्ठी तिथि के प्रारम्भ से ही बिना अन्न जल ग्रहण किये व्रत करते हुये नदी, जलाशय, तलाब में जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने एवं सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत को पूरा करता है। इस व्रत में पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जाता है। इस व्रत में प्रसाद में सारे मौसमी फल, गन्ना, ठेकुआ शामिल होता है। व्रत करने वाला परिवार इस व्रत को आस्था एवं पूर्ण विश्वास से करता है, मान्यता है कि इस व्रत को करने वाले की हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस व्रत को अधिकांशतः महिलाएं ही करती है। विशेष पुत्र प्राप्ति की कामना हेतु पुरूष भी इस व्रत को अपनी पत्नी के



साथ करते देखे जा सकते है।

इस व्रत को करने की परमपरा अनादि काल से चली आ रही है। इस व्रत को प्राचीन काल से ही नाग, किन्नर, मानव में करने के प्रमाण मिलते है। संकट काल में द्वापर युग में दौपदी द्वारा इस व्रत को करने एवं पांडवों को अपना राज्य मिलने की भी बात प्रमुख रही है। यह व्रत विहार, झारखंड के हर परिवार में श्रद्धा के साथ प्रति वर्ष किया जाता है। इस प्रांत के निवासी देश, विदेश जहां भी रहते है, श्रद्धा के साथ वही इस व्रत को करते है। इसी करण यह व्रत आज अंतर्राष्टीय रुप ले चुका है। देश का हर कोना- कोना आज इस व्रत की गूंज से गुंजयमान तो हो ही रहा है, मारिशश, फीजी, सूरीनामी आदि देश में भी इस छठ पूजा की धूम मची हुई है।

षष्ठी तिथि को अस्थाचल होते हुए सूर्य को प्रथम अर्घ्य इस कामना एवं विश्वास के साथ कि उदय के समय हमारी झोली खुशियों से सूर्य देव की असीम कृपा से सदा के लिये भर जायेगी, दूसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत की समाप्ति होती है। इस अवसर पर घाट का दृश्य अति मनोरम होता है। ईख से अच्छादित वातावरण हर किसी को अपनी ओर खींच लेता है।

इस व्रत की महिमा अपरम्पार है। जिस किसी ने भी इस व्रत को विश्वास एवं श्रद्धा के साथ किया है। उसकी हर मनोकामना पूर्ण हुई है। पुत्र, यश, धन प्राप्ति के लिये किये इस व्रत के परिणाम सदैव ही सकरात्मक रहे है। तभी इस व्रत को करने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि ही होती जा रही है। आज यह व्रत केवल विहार, झारखंड प्रांत का ही नहीं होकर पूरे देश का हो चला है। जो भी इस व्रत की अपार महिमा से परिचित हुआ है, इस व्रत को करते मिलेगा। इस व्रत को हर जाति संप्रदाय के लोग करते मिलेगें। इसी कारण यह व्रत आपसी भाईचारा एव्र सद्भावना का प्रतीक बन चुका है। आज राज्य सरकार भी इस व्रत की महिमा, आस्था, विस्वास को देखते हुये राजकीय अवकाश घोषित कर रही है जिससे व्रत की गरिमा बढ़ने लगी है। इसी वर्ष दिल्ली की राज्य सरकार ने छठ पूजा को राजकीय अवकाश में शामिल कर लिया है। आगे अन्य सरकार भी इस दिशा में अपना कदम बढ़ायेगी।

**डॉ. भरत मिश्र प्राची (लेखक स्वतंत्र पत्रकार)**

# एमएसपीः किसानों को भरोसा देने की कोशिश



अमित बैजनाथ गर्ग

हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रुपये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई। रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रुपये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद-बिक्री का सत्र अप्रैल, 2024 से शुरू होगा।

खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरू आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल



उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ-साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढ़ने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे। किसानों को धानझ्रगेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल-गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक-आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है। उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी तिलहन-दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जो ज्यादा पानी और संसाधनों की खपत वाली अनाज फसलों के उत्पादन की तुलना में किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में वाहन के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत, छह घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** खैबर पख्तूनख्वा सूबे के बुनेर जिले में उस समय हुआ जब वाहन के ब्रेक फेल हो गए और वह अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। पुलिस और बचाव अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शनिवार को एक वाहन के खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा खैबर पख्तूनख्वा सूबे के बुनेर जिले में उस समय हुआ जब वाहन के ब्रेक फेल हो गए और वह अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। पुलिस और बचाव अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत, चार घायल



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम सात यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता इहसानुल्लाह कामगर ने शनिवार को दी।

अधिकारी ने बताया कि यह घातक सड़क दुर्घटना शुक्रवार दोपहर को हुई, जब एक वाहन पलट गया और इस प्रांत के ख्वाहान जिले में अमू नदी में गिर गया, जिससे सात लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। उन्होंने इस घटना के लिए आंशिक रूप से मैकेनिकल फेल्योर को जिम्मेदार ठहराया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार इससे पहले 31 अक्टूबर को अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में एक कार और यात्री बस के बीच हुई टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे। यह घातक सड़क दुर्घटना गजनी-काबुल राजमार्ग पर हुई, जब एक कार विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस से टकरा गई, जिससे एक महिला सहित चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई गई थी।

### श्रीलंका संसदीय चुनाव से संबंधित शिकायतों के मामलों में 190 से अधिक लोग गिरफ्तार



**कोलंबो, एजेंसी।** समाचार पोर्टल 'न्यूजफर्स्ट.एलके' ने पुलिस मीडिया प्रवक्ता डीआईजी (उप महानिरीक्षक) निहाल थलदुवा के हवाले से कहा, ''इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं।'' श्रीलंका में हुए 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक छह उम्मीदवारों सहित 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा।

पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल 'न्यूजफर्स्ट.एलके' ने पुलिस मीडिया प्रवक्ता डीआईजी (उप महानिरीक्षक) निहाल थलदुवा के हवाले से कहा, ''इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं।'' उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किया गया है उनमें चुनाव लड़ रहे छह उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन भी जब्त किए हैं। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे संसदीय चुनावों से संबंधित 1,259 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल ने कहा कि इनमें से 13 शिकायत हिंसा के संबंध में हैं।

# मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखाया: कमला हैरिस



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव का काउंटडउन शुरू हो गया है। 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। डेमोक्रेटिक की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिसऔर रिपब्लिकन की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधी टक्कर है। दोनों ही उम्मीदवार अपने प्रमोशन को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच कमला हैरिस नेअपने बचपन और मां को याद करते हुए एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में उनकी मां डॉ. श्यामला गोपालन हैरिस भी दिख रही हैं। तस्वीर में कमला हैरिस भी हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी मां 19 साल की उम्र में ही भारत से अमेरिका आ गई थीं। उनके साहस और दृढ़ संकल्प से ही वह कुछ बन पाई हैं। वहीं कमला हैरिस में एक संपादकीय में भी भारत यात्रा और अपनी मां को याद किया। ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जैगरनॉट में उन्होंने संपादकीय लिखा। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को सम्मान देना सिखाया है। लगभग हर साल हम दिवाली मनाने भारत जाया करते थे। वहां अपने चाचा-चाची, दादा-दादी और भाई बहनों के साथ समय बिताते थे।

उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति के तौर पर घर पर दिवाली मनाना और लोगों की मेहमाननवाजी करना मेरे लिए गौरव की बात है। दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों की संस्कृति, विरासत अद्भुत है और यह यह अमेरिका के साथ एकडोर से बंधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मां के जीवन के दो ही लक्ष्य थे। एक अपनी बेटियों को पालना और दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करवाना।

उन्होंने बताया कि उनके दादा एक रिटायर सिविल सेवक थे। वह सुबह उठकर अपने दोस्तों के साथ सैर करने जाते थे। उनके साथ कमला हैरिस भी चली जाया करती थीं। इस दौरान वह बुराई पर अच्छाई की जीत और लोकतंत्र से जुड़ी कई बातें उनसे सुनती थीं। वहीं से उन्हें सार्वजनिक जीवन और जनता की सेवा करने की ललक पैदा हुई। कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करते हुए कहा कि उनके आने के परिणाम बहुत गंभीर होंगे। कमला हैरिस ने कहा कि उनके आने से आर्थिकि नीतियां कमजोर होंगी और महंगाई बढ़ जाएगी और एक साल में ही मंदी आ जाएगी। बता दें कि अमेरिका में हिंदू और भारतीयों के वोटों का बड़ा महत्व है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप ने भी दिवाली के मौके पर कहा था कि पूरी दुनिया में हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ संबंध और मजबूत करेंगे साथ ही कट्टरपंथी वामपंथी धर्म के विरोधी अजेंटे के खिलाफ हिंदू अमेरिकियों की हिफाजत की जाएगी। हैरिस ने दक्षिण एशियाई के ऑनलाइन प्रकाशन 'द जगरनॉट' में प्रकाशित एक लेख में कहा, ''जब मैं और मेरी बहन बड़े हो रहे थे, तब मेरी मां ने हमें हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखाया। हम लगभग हर दूसरे साल दिवाली के मौके पर भारत जाया करते थे। हम अपने दादा-दादी और अन्य रिश्तेदारों के साथ समय बिताते थे।'' उन्होंने कहा, ''और उपराष्ट्रपति के तौर पर मेरे आवास (उपराष्ट्रपति के सरकारी आवास) पर दिवाली समारोह का आयोजन किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। इसका मकसद न केवल अवकाश मनाना है बल्कि दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है।''

राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित अपने लेख में हैरिस ने कहा कि 19 साल की उम्र में उनकी मां श्यामला हैरिस भारत से अमेरिका आईं। उन्होंने लिखा, ''मेरी मां के जीवन के दो लक्ष्य थे- पहला-अपनी दो बेटियों- मेरा एवं मेरी बहन माया का पालन पोषण करना तथा दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करना।'' राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि उनका मानना ??है कि अमेरिका के लोग एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं जो सभी अमेरिकियों के लिए काम करे।


## इंडोनेशिया: कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में आग लगने से नौ की मौत, चार घायल



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े शहर जकार्ता के पास कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग में नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इधम खोलिद के अनुसार, शुक्रवार को बेकासी शहर के एक औद्योगिक परिसर में आग लग गई। खोलिद बेकासी के आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण एजेंसी में पुनर्निर्माण और पुनर्वास इकाई के प्रमुख हैं। खोलिद ने सिन्हुआ को बताया कि आग में नौ लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए, उन्होंने बताया कि घायलों में अधिकांश लोग फैक्ट्री के कर्मचारी थे। चौथा घायल व्यक्ति एक फायर फाइटर था।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, खोलिद ने बताया कि आग पूरी तरह से बुझा दी गई है। उन्होंने आग के फिर से भड़कने की आशंका को रोकने के लिए किए जा रहे कोशिशों का जिक्र किया। जकार्ता खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख अगुंग प्रियम्बोडो ने बताया कि घायल व्यक्तियों को जलने से संबंधित चोटों के लिए अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। इससे पहले 15 अक्टूबर को पश्चिमी जकार्ता में दर्जनों घरों में आग लगने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की जान चली गई। 30 घरों को नष्ट करने वाली आग पर काबू पाने के लिए 22 दमकल गाड़ियों और 110 फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों को तैनात किया गया। सुबह करीब 7 बजे आग बुझा दी गई।

## हिजाब को लेकर भड़क गई लड़की, विरोध में अंडरवियर तक उतार दी



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के एक विश्वविद्यालय में एक लड़की ने सख्त इस्लामी ड्रेस कोड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए अपने अंडरवियर तक उतार दिए। इस्लामिक आजाद विश्वविद्यालय में शनिवार को उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कहा जा रहा है कि लड़की हिजाब पहनने की अनिवार्यता वाले नियम को लेकर काफी परेशान थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सुरक्षा गार्डों को अज्ञात महिला को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया। घटना के बाद विश्वविद्यालय के प्रवक्ता आमिर महजॉब ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लड़की गंभीर मानसिक दबाव में है। हालांकि, अधिकारी के स्पष्टीकरण से सभी सहमत नहीं हैं। कई सोशल मीडिया यूजर ने बताया कि उसकी हरकतें जानबूझकर की गई लगती हैं। लेई ला नाम के एक यूजर ने एक्स पर लिखा, अधिकांश महिलाओं के लिए अंडरवियर में सार्वजनिक रूप से बाहर निकलना उनके सबसे बुरे सपनों में से एक है। यह अधिकारियों द्वारा अनिवार्य हिजाब पर जोर देने की प्रतिक्रिया है।

यह पहली बार नहीं है जब ईरान में महिलाओं ने अधिकारियों की अवहेलना की है। इससे पहले 2022 में देश में एक युवा ईरानी कुर्द महिला की हिजाब नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में नैतिकता पुलिस की हिरासत में मौत के बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए। सुरक्षा बलों ने हिंसक तरीके से विद्रोह को दबा दिया।

## चीन, यूरोप और अमेरिका के पार्ट्स का उपयोग कर रहे हैं रूसी ड्रोन : जेलेंस्की



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक वीडियो संबोधन में कहा कि अक्टूबर में रूस ने 2,000 से अधिक शाहेद ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग किया जिसमें पश्चिमी घटकों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने विशेष निर्यातित घटकों और संसाधनों पर कड़े नियंत्रण की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि ये सभी पार्ट्स चीन, यूरोप और अमेरिका की कंपनियों से आए हैं।

इस संख्या का मतलब है कि 1,70,000 से ज़्यादा पार्ट्स हैं जिन्हें रूस को आपूर्ति किए जाने से रोका जाना चाहिए था। माइक्रोचिप, माइक्रोकंट्रोलर, प्रोसेसर और बहुत सारे अलग-अलग हिस्से, जिनके बिना यह आतंक संभव नहीं होगा। जेलेंस्की ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मास्को के खिलाफ प्रतिबंधों को और बढ़ाने का आग्रह किया, साथ ही कहा कि ये प्रतिबंध प्रभावी होने चाहिए। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने प्रतिबंधों से बचने को रोकने के लिए निर्यात नियंत्रण बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया और कहा कि रूस की आपूर्ति श्रृंखला चीन, यूरोप और अमेरिका की फर्मों के 1,70,000 से ज्यादा अलग-अलग पार्ट्स पर निर्भर करती है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए, ज़ेलेंस्की ने लिखा, रूस धीरे-धीरे शाहेद ड्रोन और मिसाइलों के साथ अपने दैनिक हमलों को बढ़ा रहा है और वह ऐसा करने के लिए अभी भी पश्चिमी पार्ट्स का उपयोग कर रहा है। अकेले अक्टूबर में, यूक्रेन के खिलाफ लगभग हर दिन 2,000 से ज़्यादा शाहेद लॉन्च किए गए। जेलेंस्की ने विशेष पार्ट्स और संसाधनों पर निर्यात नियंत्रण बढ़ाने के महत्व पर भी जोर दिया, जो रूस को लगाए गए प्रतिबंधों से बचने से रोकने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह चल रही आपूर्ति श्रृंखला एक बार फिर दुनिया के लिए विशेष पार्ट्स और संसाधनों पर निर्यात नियंत्रण बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती है।

रूस को उन प्रतिबंधों को दरकिनार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए जो इस युद्ध के जवाब में बहुत पहले लगाए गए थे। ज़ेलेंस्की ने कहा, प्रतिबंधों को बढ़ाया जाना चाहिए और प्रभावी होना चाहिए। प्रतिबंधों को दरकिनार करने की हर योजना लोगों और दुनिया के खिलाफ अपराध है।

## केमी बैडेनोक बनी यूके की कंजर्वेटिव पार्टी की नई लीडर, देश की पहली अश्वेत महिला नेता



**लंदन, एजेंसी।** झकेमी बेडेनोच को यूनाइटेड किंगडम (यूके) की नई कंजर्वेटिव पार्टी नेता चुना गया है। इसके साथ ही वह देश में किसी प्रमुख राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत महिला बन गई हैं। कंजर्वेटिव बैकबेंच 1922 कमेटी के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने शनिवार को बताया कि पूर्व व्यापार एवं वाणिज्य राज्य मंत्री बेडेनोच ने 57 प्रतिशत वोट हासिल किए और उन्होंने पूर्व आव्रजन राज्य मंत्री रॉबर्ट जेनरिक को हराया।

समाचार एजेंसी के अनुसार, देश में हुए आम चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी के लेबर पार्टी से हारने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 5 जुलाई को इस्तीफा देने की घोषणा की थी, जिसके बाद टोरी के नेतृत्व की दौड़ तेज हो गई थी। 29 जुलाई को, 1922 समिति ने घोषणा की कि छह दावेदारों ने लीडरशिप की दौड़ में प्रवेश करने की आवश्यकताओं को पूरा किया है। जिसमें, रॉबर्ट जेनरिक, केमी बेडेनोच, जेम्स क्लेवरली, प्रीति पटेल, मेल स्ट्राइड और टॉम टुगेंदहट हैं। कई दौर की वोटिंग के बाद टोरी सांसदों ने सूची को अंतिम दो नामों तक सीमित कर दिया। इसके बाद कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों से 15 से 31 अक्टूबर के बीच वोट डालने को कहा गया ताकि अंतिम विजेता का फैसला हो सके। बैडेनोच ने अपने विजयी भाषण में कहा कि टोरीज को ना केवल ब्रिटिश लोगों को आकर्षित करने वाले रूढ़िवादी वादों की आवश्यकता है, बल्कि सरकार के काम करने के तरीके को बदलकर इस देश को बदलने की एक स्पष्ट योजना की भी आवश्यकता है।

नई टोरी नेता ने अपनी पार्टी के सदस्यों से यह भी कहा कि इस तथ्य के बारे में ईमानदार रहें कि हमने गलतियां की हैं।

उन्होंने कहा, समय आ गया है, सच बोलने का, अपने सिद्धांतों के लिए खड़े होने का, अपने भविष्य की योजना बनाने का, अपनी राजनीति और अपनी सोच को फिर से स्थापित करने का, और अपनी पार्टी और अपने देश को वह नई शुरुआत देने का, जिसके वह हकदार हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैडेनोच को उनकी चुनावी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि वेस्टमिंस्टर पार्टी का पहला अश्वेत नेता हमारे देश के लिए गर्व का समय है।

## पाकिस्तान के लिए नासूर बना आतंकवाद, अक्टूबर में टेररिस्ट अटैक में 198 की मौत, 111 घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के लिए आतंकवाद एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अक्टूबर के दौरान देश में अलग-अलग आतंकी हमलों में कुल 198 लोग मारे गए और 111 अन्य घायल हो गए। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीआईसीएसएस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, आतंकवादी हमलों की संख्या में मामूली कमी के बावजूद, अक्टूबर वर्ष का दूसरा सबसे घातक महीना बनकर उभरा है। इससे पहले अगस्त है जब ऐसी घटनाओं में 254 लोग मारे गए और 150 अन्य घायल हुए।

मारे गए लोगों में 89 आतंकवादी, 62 सुरक्षाकर्मी और 38 नागरिक शामिल हैं, जबकि हमलों में 56 नागरिक, 44 सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी घायल हुए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार थिंक टैंक ने कहा कि पिछले महीने आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की सबसे अधिक मौतें दर्ज की गईं, जिनमें से 81 प्रतिशत मौतें लड़ाकों की हुईं। पीआईसीएसएस के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में 68 घटनाओं के साथ आतंकवादी हमलों में 12 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन सितंबर की तुलना में मौतों की संख्या में 77 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

रिपोर्ट यह भी बताती है कि 87 प्रतिशत हमले देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में केंद्रित थे।

इसके बाद दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 24 घटनाएं हुईं, जबकि बाकी हमले दक्षिण एशियाई देश के अन्य क्षेत्रों में हुए। थिंक टैंक ने कहा, पाकिस्तान ने 2024 के पहले 10 महीनों के दौरान कुल 785 आतंकवादी हमलों का सामना किया, जिसके कारण 951 मौतें और 966 घायल हुए हैं, जो देश भर में हिंसा के लगातार उच्च स्तर को दर्शाता है।

## भारत से टेंशन के बीच हिंदू राग क्यों अलापने लगे टूडो, लगा रहे मंदिरों का चक्कर

**ओट्टावा, एजेंसी।** भारत से बढ़ते तनाव के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो हिंदू राग अलापने लगे हैं। यही नहीं, वह मंदिरों के चक्कर भी लगाने लगे हैं। टूडो ने खुद एक्स पर वीडियो शेयर कर इस बारे में बताया। दीपावली के मौके पर जस्टिन टूडो कुछ मंदिरों में पहुंचे और दीया भी जलाया। इसके अलावा उन्होंने जलेबी भी खाई। इस मौके पर उन्होंने हिंदुओं का साथ नहीं छोड़ने की बात कही।

गौरतलब है कि भारत और कनाडा के रिश्ते पिछले कुछ दिनों से सामान्य नहीं हैं। कनाडा ने भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था। पिछले कुछ दिनों में कनाडा ने भारत पर साइबर जासूसी करने और गृह मंत्री अमित शाह पर भी कुछ आरोप लगाए हैं। इस बीच कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने एक्स पर वीडियो शेयर किया है। इसमें वह हिंदू मंदिरों में जाते दिखाई दे रहे हैं।



वीडियो में दिखाई दे रहा है कि टूडो इस दौरान कनाडा में हिंदू समुदाय से मिल रहे हैं। वह इस दौरान एक दीपक भी जला रहे हैं और सभी को हैप्पी दिवाली बोल रहे हैं। इससे पहले टूडो ने कहाकि दिवाली अंधकार पर उजाले की विजय का त्योहार है। हमें अपनी जिंदगियों में और रोशनी की जरूरत है। दीपावली के मौके पर दिए अपने संदेश में टूडो ने कनाडाई हिंदुओं के प्रति खड़े रहने की बात कही। उन्होंने भारतीय समुदाय के बीच दिवाली के महत्व के बारे में भी बताया। टूडो ने एक्स पर पोस्ट में कहाकि आज हिंदू, सिख, बुद्ध और जैन परिवार दीपावली मनाएंगे। आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं। उन्होंने कहाकि हम कनाडा में रहने वाले सभी हिंदुओं की रक्षा के लिए दृढ़प्रतिज्ञ हैं। टूडो का यह संदेश ऐसे वक्त में आया है जब कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने हिंदुओं को खालिस्तानियों से खतरे की आशंका जताई थी। उन्होंने सरकार से अपील की थी कि खालिस्तानियों से पैदा होने वाले खतरे की तरफ ध्यान दें।

गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो द्वारा निज्जर की हत्या में शीर्ष भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में खटास पैदा हो गई है। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया है। कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि गृह मंत्री अमित शाह ने कनाडा के अंदर सिख अलगाववादियों को निशाना बनाकर हिंसा, धमकी और खुफिया जानकारी जुटाने का अभियान चलाने का आदेश दिया था।



# चचेरी बहन के साथ रानी मुखर्जी ने मनाया काली पूजा का त्यौहारा

बीते दिनों काली पूजा का त्योहार बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपनी चचेरी बहन तनिषा मुखर्जी के साथ मनाया। इस समारोह में उनकी करीबी दोस्त काजोल भी शामिल हुईं। इस अवसर पर दोनों बहनें बेहद खूबसूरत नजर आईं। एक्ट्रेस रानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बैंगनी रंग के भारतीय परिधान में नजर आ रही हैं, जिसमें सुनहरे और सफेद रंग की डिटेलिंग की गई है। इस वीडियो में रानी, काजोल की छोटी बहन तनिषा और अन्य दोस्तों के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। काली पूजा, हिंदू देवी काली को समर्पित है, जिसे हिंदू कैलेंडर के अश्वयुज या कार्तिक महीने की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, मिथिला, झारखंड, ओडिशा, असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले महीने दुर्गा पूजा के दौरान भी रानी, काजोल और तनिषा को एक साथ देखा गया था। इस दौरान, बहनों को सिंदूर खेला जैसे शुभ कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए देखा गया था। रानी मुखर्जी की पेशेवर जिंदगी की बात करें तो वह जल्द ही 'मर्दानी' के नए भाग में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की घोषणा 22 अगस्त को की गई थी। यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन हाउस ने यूट्यूब पर एक टीजर जारी किया है, जिसमें पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ाया गया है। मर्दानी' 2014 में रिलीज हुई थी, और इसका दूसरा भाग 'मर्दानी 2' 2019 में आया था। 'मर्दानी' की कहानी शिवानी शिवाजी रॉय नामक एक जिद्दी पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अपहृत किशोरी के मामले को सुलझाने के प्रयास में मानव तस्करी के रहस्यों का पता लगाती है। पहले भाग का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था, जिसमें जीशु सेनगुप्ता, ताहिर राज भसीन और सानंद वर्मा जैसे अभिनेता भी सहायक भूमिकाओं में थे। 'मर्दानी 2' में रानी ने एक बार फिर अपने किरदार शिवानी को दोहराया है। इस बार उनकी कहानी एक 21 वर्षीय बलात्कारी और हत्यारे के खिलाफ है, जिसका किरदार विशाल जेठवा ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन गोपी पुथ्रन ने किया था।

# दिवाली पार्टी में शामिल नहीं हुए गोविंदा

हर साल की तरह इस बार अभिनेता गोविंदा दिवाली पार्टी में शामिल नहीं हो पाए। उन्हे डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी थी। यह जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी पतनी सुनीता गोविंदा ने दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनकी पत्नी सुनीता गोविंदा के स्वास्थ्य के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि पिछले महीने गोविंदा गलती से अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली चलाकर घायल हो गए थे। इस वीडियो में सुनीता को अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ पैपराजी के सवालों का जवाब देते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, सर एकदम ठीक हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम करने का बोला है, इसलिए वह इस साल दीपावली नहीं मना रहे हैं, सिर्फ मैं बच्चों के साथ मना रही हूं। बता दें कि अक्टूबर को यह घटना उस समय हुई जब गोविंदा अपने घर में अपनी पिस्टल साफ कर रहे थे। गोली चलने से उनके पैर में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए जुहू के क्रिटिकेयर अस्पताल ले जाया गया। अभिनेता को 4 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी, और उन्होंने इस घटना की जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की थी। अस्पताल के बाहर व्हीलचेयर पर बैठे गोविंदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा था, मैं देश के सभी लोगों को उनके प्यार, प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं प्रशासन, पुलिस और एकनाथ शिंदे को खास तौर पर शुक्रिया कहना चाहता हूं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद ने मुझे सुरक्षित रखा है। आपके प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। जय माता दी। गोविंदा ने गोली चलने की घटना को याद करते हुए कहा, यह एक गहरी चोट थी, और जब यह लगी तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। ऐसा लगा जैसे कुछ हो गया हो। मैं कोलकाता में एक शो के लिए जा रहा था, और सुबह करीब 5 बजे गोली चल पड़ी। मैं दंग रह गया और फिर मैंने खून का फव्वारा निकलता देखा। मेरे डॉक्टर मेरे साथ थे और उन्होंने मेरी मदद की।






# भूल भुलैया 3 की थिएटर ऑक्यूपेंसी सिंघम अगेन से ज़्यादा

बालीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 की थिएटर ऑक्यूपेंसी सिंघम अगेन से कहीं ज़्यादा है। भूल भुलैया 3 ने शानदार शुरुआत की है। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म ने देशभर के सिनेमाघरों में सुबह के शो में जोरदार ओपनिंग की है। जयपुर के सिनेमाघरों ने भूल भुलैया 3 के लिए रिकॉर्ड ऑक्यूपेंसी देखी, जिसके 86,000 देखे गए, जबकी सिंघम अगेन के सिर्फ 28,000 एडमिशंस हुए। इंदौर में भी कुछ ऐसा ही हाल था, जहां भूल भुलैया 3 में 26,000 एडमिशंस हुए थे, वहीं सिंघम अगेन के सिर्फ 10,000 एडमिशंस हुए। भूल भुलैया 3 एडवांस बुकिंग काउंटर पर पहले ही सिंघम अगेन से आगे निकल चुकी है, और अब अपने पहले दिन पर भी जबरदस्त इम्पैक्ट बना रही है। जिस तरह का रिस्पॉन्स मिल रहा है, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म सफलता की राह पर है और एक नया बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड सेट करेगी। यह वाकई खास बात है कि कार्तिक आर्यन सिंघम अगेन में अजय देवगन और अक्षय कुमार जैसे बड़े स्टार्स के सामने अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा का रोल निभाते हुए नजर आएंगे जो सुपर हिट भूल भुलैया 2 से है। उनके साथ तृप्ति डिमरी, ओरिजिनल मंजुलिका ( विद्या बालन ) और उनकी पार्टनर इन क्राइम यानी माधुरी दीक्षित भी नजर आएंगी। अनीस बज्मी द्वारा डायरेक्टेड और भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। यह फिल्म बॉलीवुड की पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।


# अमिषा को 'चलते चलते' रिजेक्ट करने का है मलाल



बालीवुड स्टार ऋतिक रोशन और सनी देओल संग ब्लॉकबस्टर दे चुकी एक्ट्रेस अमीषा पटेल को मलाल है कि उन्होंने 2003 की सुपरहिट फिल्म को रिजेक्ट किया था। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में थे। फिल्म का नाम 'चलते चलते' है। अमीषा ने फिल्म को रिजेक्ट किया, तो यह रोल रानी मुखर्जी के पास गया। इस फिल्म को रिजेक्ट करने का उन्हें आज भी दुख है। उन्होंने करियर में आए उतार-चढ़ाव पर भी बात की। अमीषा ने खुलासा किया कि उनके सेक्रेटरी ने उन्हें 'चलते चलते' के ऑफर के बारे में सही से जानकारी नहीं दी थी, जिसके चलते उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया। अमीषा पटेल ने कहा, 'अपने प्रोफेशन में, मैंने कुछ फ़िल्में मिस कर दीं। कुछ फ़िल्में बहुत सफल रहीं और कुछ असफल रहीं। मैंने शाहरुख़ खान की फिल्म 'चलते चलते' में काम नहीं किया क्योंकि मुझे नहीं पता था कि यह फ़िल्म मुझे ऑफ़र की गई थी। मेरे सेक्रेटरी ने मुझे नहीं बताया कि यह फिल्म ऑफर की गई थी।' अमीषा पटेल ने आगे कहा, 'जब फिल्म रिलीज होने वाली थी और शाहरुख खान इसके लिए डबिंग कर रहे थे, तो वे मुझे डबिंग स्टूडियो में ले गए और मुझे कुछ एडिट दिखाए। उन्होंने कहा, 'आओ, मैं तुम्हें फिल्म के एडिट दिखाता हूं जिसे तुमने मना कर दिया था।' मैंने जवाब दिया, 'शाहरुख, मैंने क्या मना किया है?' और उन्होंने कहा, 'इस फिल्म को।'卐 अमीषा पटेल ने बाद के सालों में एक भी हिट फिल्में नहीं दीं। लेकिन अमीषा ने 2023 में 'गदर 2' के साथ शानदार कमबैक किया।
फिल्म को मिले-जुले रिव्यू मिले। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 686 करोड़ रुपए की कलेक्शन किया, जो 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लिस्ट में शामिल थी। बता दें कि ऋतिक रोशन के साथ 'कहो ना प्यार है' से पॉपुलैरिटी पाने और सनी देओल के साथ 'गदर' की बड़ी सफलता के बाद, अमीषा पटेल को अपने फ़िल्मी करियर में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।

# दीपिका का लेडी सिंघम के रूप में जोरदार रहा है प्रभाव

बालीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में खुद को साबित किया है। इस फिल्म में उनका प्रभाव लेडी सिंघम के रूप में जोरदार रहा है। एक्ट्रेस के किरदार के इंट्रोडक्शन ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है, कई लोगों ने स्क्रीन पर उनके मजबूत प्रेजेंस और पॉवरफुल परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की है। दीपिका अपनी वर्सेटिलिटी के लिए जानी जाती हैं, और उन्होंने शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की इंटेंस दुनिया में बिना किसी दिक्कत के कदम रखा है। बता दें कि उन्होंने फ्रेंचाइजी में नई एनर्जी और एक मजबूत महिला किरदार शक्ति शेट्टी को इंट्रोड्यूस किया है। उनका आउटस्टैंडिंग एंट्री सीन अब हॉट टॉपिक बन गया है, जिसे देखते हुए फैंस उनकी डेरिंग परफॉर्मेंस और दूसरे किरदारों के साथ मजबूत केमिस्ट्री की खूब तारीफ कर रहे हैं। खासतौर पर अजय देवगन के फेमस किरदार बाजीराव सिंघम के साथ। बहुत ही पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद फैंस लेडी सिंघम शक्ति शेट्टी को मेन किरदार के रूप में एक स्टैंडअलोन फिल्म बनाने की मांग कर रहे हैं।
इतना ही नहीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी को टैग करके लेडी सिंघम की कहानी को और आगे बढ़ाने की रिक्वेस्ट तक की है। ये देखना कमाल है कि चेन्नई एक्सप्रेस के बाद जहां रोहित शेट्टी और दीपिका पादुकोण ने मीनम्मा को इंट्रोड्यूस किया था और वह एक यादगार किरदार बन गई। ऐसे में अब शक्ति शेट्टी के जरिए फिर से एक्टर और डायरेक्टर की इस जोड़ी ने एक और सक्सेसफुल प्रोडक्ट देकर सबको इंप्रेस कर दिया है। नेटिजन्स के प्यार के साथ-साथ क्रिटिक्स भी दीपिका पादुकोण की तारीफ कर रहे हैं।





# आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप की शादी को हुए 16 साल पूरे

बॉलीवुड कपल आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप की कल वेडिंग एनिवर्सरी थी। यह बालीवुड कपल अपनी शादी की 16वीं सालगिरह मना रहा है। वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर कपल ने एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर एक दूसरे को एनिवर्सरी की शुभकामनाएं दी है।
फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शादी की तस्वीरें शेयर कर पति को सालगिरह की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'यह काफी लंबा सफर रहा है! श्री गणेश के चित्रों से लेकर लाल जेबरा फूलों के बैकग्राउंड और बनावटी पोज के साथ यह सफर काफी लंबा रहा। हैप्पी एनिवर्सरी। इसके साथ ही ताहिरा ने पिछले साल गलत तारीख पर बधाई देने वाली बात भी याद करते हुए लिखा-आपको पिछले साल गलत डेट पर बधाई देने की भरपाई करते हुए हैप्पी एनिवर्सरी। उन्होंने आगे लिखा 'जब आप शर्मिंदगी का जश्न मनाते हैं तो आप वास्तव में प्यार में होते हैं। शेयर की गई तस्वीरें आयुष्मान और ताहिरा दूल्हा-दुल्हन के गैटअप में बेहद प्यारे लग रहे हैं। बता दें, इस कपल ने साल 2008 में शादी रचाई थी और शादी के बाद दो बच्चों बेटे विराजवीर और बेटी वरुष्का का स्वागत किया।आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप कॉलेज के दिनों से एक दूसरे को जानते हैं।

# कृति सेनन ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ मनाया दीवाली का जश्न

दिवाली का त्यौहार बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने अपने परिवार के साथ मनाया। कृति सेनन ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ दीवाली का जश्न मनाते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जो तेजी से सुर्खियों में आ गईं। कृति ने इस मौके पर ट्रेडिशनल इंडियन स्टाइल के कपड़े पहने, जिसमें उन्होंने वेलवेट के थ्री-पीस सेपरेट्स सेट्स चुने। उनके इस ऑउटफिट में मैचिंग कुर्ता और पैंट के साथ एक कंट्रास्ट शेड का दुपट्टा शामिल था। कृति ने अपने लुक को सिंपल रखा, बिना किसी जूलरी के, लेकिन उनकी मेकअप ने पूरे लुक को और भी आकर्षक बना दिया। उन्होंने झिलमिलाते आईशैडो और न्यूड लिप्स के साथ अपने चेहरे को हाइलाइट किया। कृति के साथ तस्वीरों में उनकी बहन नुपुर सेनन भी नजर आईं, जिन्होंने लाल रंग का सूट पहना था। नुपुर ने अपने लुक को हेवी इयरिंग्स के साथ पूरा किया। कृति और कबीर की अफवाहें तब शुरू हुई थीं जब कृति ने यूपी टी20 सीजन 2 के लॉन्च इवेंट से अपनी परफॉर्मेंस का एक बीटीएस वीडियो साझा किया था, लेकिन कपल ने इन चर्चाओं पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। कृति के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने हाल ही में लीगल थ्रिलर फिल्म दो पत्ती में डबल रोल निभाया है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके अलावा काजोल और शहीर शेख जैसे सितारे भी हैं।



# शाहरुख के जन्मदिन पर जारी हुआ 'फौजी 2' का ट्रेलर

अभिनेता शाहरुख खान ने अपने आगामी शो 'फौजी 2' का ट्रेलर लॉन्च किया गया। शो में गौहर खान, विक्की जैन और कई नए कलाकारों की कास्टिंग की गई है। शाहरुख ने अपने जन्मदिन के खास मौके पर शो का ट्रेलर जारी कर अपने प्रशंसकों एक और तोहफा दिया है।
'फौजी 2' का प्रसारण 18 नवंबर से हर सोमवार से गुरुवार रात 9 बजे दूरदर्शन पर किया जाएगा।ट्रेलर की शुरुआत गौहर खान के साइकिल चलाते हुए एक सीन से होती है, जिसके बाद दर्शकों को बॉक्सिंग, तैराकी, हैवी जिम वर्कआउट और बाइक रेसिंग जैसे विभिन्न खेलों में जवानों की चुनौतियों का सामना करते हुए दिखाया गया है। यह शो शाहरुख खान के मूल शो 'फौजी' का सीक्वल है, जो भारतीय टेलीविजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। गौहर खान ने शो के बारे में बात करते हुए कहा, इस तरह की रचनात्मक टीम के साथ मिलकर हमारे समय के प्रतिष्ठित शो में से एक बनाने से ज्यादा खास कुछ नहीं हो सकता। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं, जिसने कई दिलों को छुआ है। हम सभी यह देखने का इंतजार नहीं कर सकते कि हमने इस बार इसमें क्या नया किया है। 'फौजी' एक भावना है, इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम उस शो की विरासत को बनाए रखें जो सभी के दिलों में एक खास जगह रखता है। दूरदर्शन के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, फौजी अपने समय के सबसे सफल धारावाहिकों में से एक था, जो आज भी दर्शकों के दिलों को छूता है। जब हमें 'फौजी 2' का कॉन्सेप्ट मिला तो हम इसे लेकर रोमांचित थे। हम इसके मूल को बरकरार रखते हुए एक बार फिर सभी को उस अनुभव देने के लिए उत्सुक हैं।
'फौजी 2' का निर्देशन संदीप सिंह ने किया है, जबकि इसका सह-निर्माण विक्की जैन और जफर मेहदी ने किया है। क्रिएटिव हेड समीर हलीम हैं। शीर्षक गीत श्रेयस पुराणिक ने लिखा है, जिसे सोनू निगम ने अपनी आवाज दी है। निर्माता संदीप सिंह ने कहा, फौजी 2 उस क्लासिक को ट्रिब्यूट है जिसने हमें शाहरुख खान जैसी प्रतिभा से परिचित कराया। हम इसे नए तरीके से पेश कर रहे हैं। इस शो का निर्देशन सब मोह माया है' और 'ए वेडिंग स्टोरी' के निर्देशक अभिनव पारीक ने किया है, जबकि निशांत चंद्रशेखर भी निर्देशक की भूमिका में हैं।



# रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** नेशनल डेस्क। भारत के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा है कि मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन उनका आखिरी सीजन होगा।

बता दें कि बंगाल के 40 वर्षीय विकेटकीपर ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से 40 टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले हैं। त्रिपुरा के साथ खिलाड़ी-संरक्षक के रूप में दो साल बिताने के बाद टीम में वापसी करने वाले साहा वर्तमान में बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथे दौर के मैच की तैयारी कर रहे हैं। वह भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के साथ बैठक के बाद बंगाल लौट आए थे।

उस समय साहा ने संकेत दिया था कि वह बीसीसीआई के सफेद गेंद वाले टूर्नामेंटों में हिस्सा नहीं लेंगे और प्रथम श्रेणी प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि बंगाल को रणजी का खिताब दिलाने में मदद मिल सके, जो 2019-20 में उनसे नहीं मिला था, जब वे पिछड़ गए थे। अपनी कटुतापूर्ण विदाई के कारणों पर ध्यान न देते हुए साहा ने प्रशासन में भूमिकाओं के बजाय कोचिंग में अवसर तलाशने की उत्सुकता व्यक्त करते हुए ÷केवल आगे देखने÷ पर जोर दिया था। पिछले साल केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर किए जाने से पहले साहा लंबे समय तक भारत की लाल गेंद टीम का हिस्सा थे। 2014 में एमएस धोनी के टेस्ट संन्यास के बाद भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर बने साहा ने आखिरी बार भारत के लिए दिसंबर 2021 में खेला था, जब माना जाता था कि राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाले तत्कालीन टीम प्रबंधन ने उन्हें बताया था कि भारत आगे बढ़ रहा है। उस समय, जबकि वह यकीनन भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे, ऋषभ पंत के उद्भव ने इसे कठिन बना दिया, हालांकि साहा ने कई मौकों पर दूसरे विकेटकीपर की भूमिका निभाना जारी रखा। बंगाल लौटने पर साहा ने युवा अभिषेक पोरेल का गहन मार्गदर्शन किया, जिन्होंने बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में नियमित खिलाड़ी बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। 22 वर्षीय विकेटकीपर हाल ही में मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में शामिल थे। जहां तक उनके अपने आईपीएल करियर की बात है, तो संभावना है कि साहा नीलामी में शामिल नहीं होंगे। अब तक साहा ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद से इसके हर संस्करण में भाग लिया है और हाल ही में वह गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसके साथ उन्होंने 2022 में खिताब जीता था।

साहा ने पहले कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया है, जिनके लिए उन्होंने 2014 के फाइनल में एक यादगार शतक लगाया था, जहां वे उपविजेता रहे थे। अंत में साहा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ÷क्रिकेट में एक शानदार सफर के बाद,



यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। मैं बंगाल के लिए आखिरी बार खेलने को लेकर गौरवान्वित हूं। रिटायरमेंट से पहले मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा।÷

# पाक के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज आसान नहीं होगी : मैक्सवेल



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज आसान नहीं होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को यहां एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। मैक्सवेल ने कहा कि पाकिस्तान की टीम अपनी अप्रत्याशित खेल शैली के कारण किसी को भी हैरान कर सकती है। मैक्सवेल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को पाक के खिलाफ घरेलू सीरीज में अपनी पूरी ताकत लगानी होगी क्योंकि पाक टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।

मैक्सवेल ने उन चुनौतियों को भी बताया जिनका सामना ऑस्ट्रेलिया की टीम को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में करना पड़ सकता है। पाकिस्तान टीम नए कप्तान मोहम्मद रिजवान की अगुवाई में पहली सीरीज खेलेगी। मैक्सवेल ने कहा कि, मुझे लगता है कि हमें सीरीज में कठिन मुकाबले के लिए तैयार रहना चाहिए। इसका कारण है कि आप निश्चित नहीं हैं कि क्या हो सकता है और वे खेल के सभी क्षेत्रों में बहुत खतरनाक हैं। उनके पास अच्छे स्पिनर हैं, उनके पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं और उनके पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो उनके लिए मैच जीत सकते हैं। मैक्सवेल ने साथ ही कहा कि, मुझे लगता है कि जब आप इस सफेद गेंद वाली सीरीज में उनके खिलाफ खेलेंगे तो आप उन उतार चढ़ावों को देखेंगे और ये बहुत मनोरंजक होने वाला है। वे शानदार क्रिकेट खेलते हैं जहां सचमुच कुछ भी हो सकता है। हमारे लिए अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना कठिन होगा, क्योंकि वे आपकी किसी भी योजना के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकते हैं। पाकिस्तान में इस बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी चाहिये। पाक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 4 नवंबर से 10 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया के अलग अलग मैदानों पर खेलेगी। पहला मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा, इसके बाद 8 नवंबर को एडिलेड में दूसरा एकदिवसीय खेला जाएगा. तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मैच पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी।

# एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं श्रेयस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में चार भारतीय भी हैं। इसमें नंबर एक पर हैं श्रेयस अय्यर। आजकल भारतीय टीम से बाहर चल हरे श्रेयस ने एक ओवर में 31 रन बनाए हैं। श्रेयस ने साल 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाया था। श्रेयस ने विशाखापत्तनम एकदिवसीय में वेस्टइंडीज के गेंदबाज रोस्टन चेज के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये थे।इस दौरान श्रेयस ने 4 छक्के और एक चौका लगाया था। श्रेयस ने तब 32 गेंदों पर 53 रन बनाये थे। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर दूसरे नंबर है हैं। सचिन ने 1999 में हैदराबाद में हुए एकदिवसीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक ओवर में ही 28 रन बटोर थे। सचिन ने तब क्रिस ड्रम के एक ओवर में ही चौकों और छक्कों के साथ 150 गेंदों पर 186 रन बनाये थे।

तीसरे नंबर पर तेज गेंदबाज जहीर खान का नाम है। जहीर ने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए जोधपुर एकदिवसीय में एक ओवर में 27 रन बना दिये। जहीर ने रन तेज गेंदबाज हेनरी ओलंगा के ओवर में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 4 छक्के लगाये थे। इसके अलावा चौथे नंबर पर पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ एक ओवर में 26 रन बटोरे थे जिसमें 5 चौके और एक छक्का लगा था। सहवाग ने ये रन श्रीलंका के गेंदबाज दिलहारा लोकुहेटिज की गेंदों पर बनाए थे।

# सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम से किया विशेष आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ¬भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेलने का आग्रह किया है। भारत को इंडिया ए के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलना था, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया है। हालांकि गावस्कर ने टीम को मैचों के बीच अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेले हैं, उन्हें खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और इसलिए उन्हें गति और उछाल के अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। गावस्कर ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि उन्हें अभ्यास मैच खेलना चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। जरूरी नहीं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए। लेकिन जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने



पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल्स ये सभी युवा बल्लेबाज हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी। जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों के अभ्यस्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए।' गावस्कर ने आगे भारत को सलाह दी कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, 'बस खुद पर भरोसा रखें। जितना हो सके उतना अभ्यास करें। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है। लेकिन नियमित गेंदबाजी का सामना करना ज़्यादा जरूरी है। तेज गेंदबाजों का सामना करें। बेशक (जसप्रीत) बुमराह का नहीं, क्योंकि बुमराह आपको मार सकते हैं। लेकिन आप दूसरों से 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से गेंदबाजी करने के लिए कह सकते हैं। इसलिए, गेंद जल्दी बल्ले पर आती है।' इस बीच, घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक वाइटवॉश के बाद भारत खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) स्टैंडिंग में एक अनिश्चित स्थिति में ला बैठा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम 58.33त्न अंक प्रतिशत के साथ स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है और अब उसे WTC फाइनल के लिए अपने दम पर क्वालीफाई करने के लिए अपने अगले पांच मैचों में से चार जीतने की जरूरत है। इसलिए भारत को अपने तीसरे लगातार फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए आगामी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराने की सख्त जरूरत है, जो इस समय एक बहुत बड़ा काम है।

## शमी मध्यप्रदेश के खिलाफ होने वाले रणजी मुकाबले से वापसी करेंगे

नई दिल्ली । भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब रणजी ट्रॉफी के जरिये अपनी फिटनेस साबित करने उतरेंगे। शमी टखने की सर्जरी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। ऐसे में अब वह घरेलू क्रिकेट से अपनी फिटनेस हासिल करना चाहते हैं। शमी के मध्य प्रदेश के खिलाफ 13 नवंबर से इंदौर में होने वाले मुकाबले में अपनी घेरेलू टीम बंगाल की ओर से खेलने की संभावनाएं हैं। शमी हालांकि कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेलेंगे ।शमी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में आराम से वापसी करना चाहते हैं जिससे चोटिल होने का खतरा न रहे। शमी ने हाल में द एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के नेट्स में शुभमन गिल को गेंदबाजी भी की थी। इसके बाद शमी ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह अब उन्हें दर्द नहीं है, इसलिए वह कुछ घरेलू मैच खेलेंगे। अब देखना होगा कि शमी 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं। शमी ने अंतिम बार एकदिवसीय विश्वकप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल खेला था। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं।

# यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत किस तरह वापसी करता है : गिलक्रिस्ट

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3–0 की हार के बाद भारत जिस तरह वापसी करेगा, उसे देखना दिलचस्प होगा, जब वे आगामी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेंगे।



भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3–0 की अभूतपूर्व हार झेलने के बाद इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जो 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर उसकी पहली टेस्ट सीरीज हार है। गिलक्रिस्ट ने कहा, 'मैं उनसे आसानी से हारने की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उस हार और इस तथ्य के बाद कि यह एक क्लीन स्वीप था – मुझे याद नहीं है कि उनके साथ ऐसा कब हुआ है, सिर्फ एक सीरीज हारना, क्लीन स्वीप की तो बात ही छोड़िए। मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे और एक जुनूनी क्रिकेट राष्ट्र से उस बदलाव को देखने का दबाव, अपेक्षा और इच्छा, उन सभी खिलाड़ियों के कंधों पर भारी पड़ेगी।' गिलक्रिस्ट ने कहा, 'वहां (टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो शायद खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर दें। उस भारतीय टीम में कुछ उच्च श्रेणी के क्रिकेटर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे उस चुनौती से कैसे उबरते हैं।'

# गंभीर पर उठ रहे सवाल , ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो बढ़ेंगी मुश्किलें

मुम्बई । भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार से टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठने लगे हैं। गंभीर को अभी तीन माह पहले ही कोच बनाया गया था। उसके बाद से ही भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है। गंभीर को टीम चयन मामलों में भी पूरे अधिकार दिये गये थे उसके बाद भी वह परिणाम नहीं दे पाये हैं। अब गंभीर की ऑस्ट्रेलिया दौरे में कड़ी परीक्षा होगी। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहता तो गंभीर की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम 27 साल में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय सीरीज हारी। इसके बाद अब उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का शिकार होना पड़ा है। इससे पहले भारतीय टीम कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में नहीं हारी है।



हालांकि उनके बचाव में कहा जा रहा है कि टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बाद भी मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की सहायक पिच बनाने पर भी सवाल उठे हैं। मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को नाइटवाचमैन के रूप में भेजने और पहली पारी में सरफराज खान को आठवें नंबर पर भेजने पर भी सवाल उठ रहे हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'गंभीर को ऐसा अधिकार दिया गया है जो इससे पहले कोच रहे रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ को नहीं मिला था। बीसीसीआई के नियम कोच को चयन समिति की बैठकों का हिस्सा बनने की अनुमति नहीं देते हैं पर ऑस्ट्रेलिया दौरे की चयन बैठक के लिए गंभीर को अपने सुझाव देने का अवसर दिया गया।' बोर्ड के इस अधिकारी ने कहा, 'दौरे के महत्व को देखते हुए मुख्य कोच को इसमें भाग लेने की अनुमति दी गई थी।'

# वसीम अकरम का दावा- टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान भारत को हरा देगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एक साहसिक दावा किया कि पाकिस्तान टेस्ट प्रारूप में टर्निंग ट्रैक पर भारत से आगे निकलने की क्षमता रखता है। भारतीय टीम को बीते दिनों ही अपने टर्निंग ट्रैक पर न्यूजीलैंड से शर्मनाक सीरीज हार मिली थी, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में चल रही है। रविवार को न्यूजीलैंड ने वो कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत को 12 साल बाद घरेलू मैदान पर पहली बार टेस्ट सीरीज में हार दिलाने के बाद कीवी टीम 24 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत का सूपड़ा साफ करने वाली पहली टीम बन गई है।

पाकिस्तान और भारत आखिरी बार 2007 में एक ही स्थान पर टेस्ट मैच खेलने उतरे थे, जिसे भारत ने जीता था। तब से एशियाई दिग्गज आईसीसी और एशिया कप टूर्नामेंट में एक-दूसरे से भिड़े नहीं हैं। हाल के नतीजों के बाद कीवी टीम अपनी



अप्रत्याशित जीत का जश्न मना रही है। वसीम को लगता है कि पाकिस्तान के पास बॉल टर्नर के पक्ष में घूमने वाली पिचों पर भारत को हराने की क्षमता है।

अकरम ने सोमवार को पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले वनडे की कमेंट्री के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास स्पिनिंग ट्रैक पर अब भारत को टेस्ट में हराने का मौका है। उन्हें न्यूजीलैंड ने घरेलू मैदान पर 3-0 से हराया है। बता दें कि जहां भारत को स्पिनिंग ट्रैक पर हार का स्वाद चखना पड़ा, वहीं पाकिस्तान ने इंग्लैंड पर अपनी हालिया घरेलू सीरीज जीत के दौरान ऐसी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुल्तान में हैरी ब्रूक और जो रूट की यादगार पारी के बाद पाकिस्तान शुरुआती टेस्ट हार गया। लेकिन इसके बाद नई चयन समिति ने कुछ नए चेहरों को टीम में शामिल किया जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। आगामी दो टेस्ट के लिए स्पिनिंग ट्रैक तैयार किए गए थे। साजिद खान और नोमान अली ने सूखी हुई सतहों पर शानदार प्रदर्शन किया और 40 में से 39 विकेट हासिल किए और पाकिस्तान को सीरीज जीत दिलवा दी।

# सामने आई आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन की तारीख, जानें कब–कहां होगा आयोजन



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी बड़ी नीलामी नवंबर 2024 के अंतिम हफ्ते में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में होना तय हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि कर दी है।

### आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन का वेन्यू

आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन की तारीख और वेन्यू को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब इसे भारत के बाहर आयोजित किया जा सकता है। अब यह लगभग तय हो चुका है कि मेगा ऑक्शन सऊदी अरब की राजधानी रियाद में है। बीसीसीआई ने रियाद को चुने जाने का कारण वहां की बेहतरीन लॉजिस्टिकल सुविधा को बताया है।

### कब होगा आयोजन

बीसीसीआई के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एजेंसी को बताया, 'आईपीएल नीलामी रियाद में होगी और यह फ्रेंचाइजी को बता दिया गया है। संभावित तिथियां 24 और 25 नवंबर हैं। आईपीएल के वैश्विक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है।

### स्टार खिलाड़ियों के लिए लगेगी बोली

इस बार नीलामी बड़ी होगी जिसमें ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे भारत के स्टार खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी। 10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 641.5 करोड़ रुपये की राशि है। इन 204 स्थानों में से 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार रखने) करेन के लिए सामूहिक रूप से 558.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

# आलोचकों पर बरसे रोहित राजपाल, खिलाड़ी जब तक चाहें तभी तक कप्तान बना रहूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के गैर खिलाड़ी डेविस कप टेनिस कप्तान रोहित राजपाल ने अपने आलोचकों पर निशाना साधा है। राजपाल ने कहा है कि कुछ लोग डेविस कप कप्तान के रूप में मेरी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं पर ऐसे लोगों को समझना चाहिये कि मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो जबरदस्ती कप्तान बना रहे। साथ ही कहा कि मैं तभी तक कप्तान रहूंगा जब तक कि खिलाड़ी चाहेंगे। राजपाल स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम की 0- 4 से हार के बाद से ही आलोचना झेल रहे हैं। उसी को लेकर इस खिलाड़ी ने कहा कि कि मैं भारतीय टेनिस समुदाय का हिस्सा हूं और उससे सभी प्रकार से जुड़ा हूं। टेनिस मेरा जीवन है इसलिए मैं भारतीय टेनिस समुदाय के




बारे में कोई भी गलत बात नहीं सोच सकता।

राजपाल ने कहा, 'मैं किसी का इस तरह अनादर करने की सोच भी नहीं सकता हालांकि गुस्से में एक बार मैंने आक्रामक प्रतिक्रिया दी थी पर मुझे इस प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये थी। उस समय मेरी टीम मेरे साथ बैठी थी ऐसे में अलोचना से मैंने अपमानित सा महसूस किया इसलिए आलोचकों को लेकर कहा कि कौन मुझे बाहर करना चाहता है। राजपाल 2019 में कप्तान बने थे जब तत्कालीन कप्तान महेश भूपति ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। उनकी नियुक्ति के समय उनकी योग्यता पर सवाल उठाये गए थे क्योंकि उन्होंने अपने कैरियर में एकमात्र डेविस कप मैच कोरिया के खिलाफ 1990 में खेला था। वह 1990 बीजिंग एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वहीं यह पूछने पर कि क्या वह डेविस कप में भारत की कप्तानी के योग्य हैं , राजपाल ने कहा , '' यह फैसला कार्यकारी समिति लेती है। उसमें कई लोग हैं जो टेनिस जानते हैं और बहुत साल से खेल प्रशासन में है और वे संतुलित फैसले लेते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' जिस दिन मुझे लगेगा कि खिलाड़ियों को लग रहा है कि कोई और बेहतर काम कर सकता है तो मैं स्वयं पद छोड़ दूंगा।

# रोहित और विराट ने दिलीप ट्रॉफी में खेलने से मना किया था

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद एक बार फिर अनुभवी खिलाड़ियों के अभ्यास मैच नहीं खेलने का सवाल उठा है। वहीं एक रिपोर्ट के अुनसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट सीरीज से पहले तैयारी के लिए दलीप ट्रॉफी में खेलने को कहा था पर इन दोनो ने ही इंकार कर दिया था। भारत को न्यूजीलैंड ने तीनो ही मैच हराये। तीसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी क्रम 147 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए बिखर गया. भारत तीसरा और अंतिम टेस्ट 25 रनों से हार गया। केवल ऋषभ पंत ही खेल पाये। इससे एक बार फिर सीरीज से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने की कमी उभरकर सामने आई है।/ रिपोर्ट केअनुसार रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को चयन समिति ने दलीप ट्रॉफी में खेलने का अवसर दिया था पर इन्होंने थकान की बात करते हुए मना कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ चुनी गई टीम में शामिल केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने ही अभ्यास मैच खेला था।.

# संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा की तकनीक में एक बड़ी खामी को किया उजागर

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने टेस्ट में खराब फॉर्म के बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तकनीक में एक बड़ी खामी को उजागर किया है। भारतीय कप्तान अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित की टेस्ट में उनके आक्रामक रवैये के लिए आलोचना की गई है क्योंकि वह बड़े शॉट खेलते हुए आउट हो रहे हैं।

रोहित की तकनीक का विश्लेषण करते हुए मांजरेकर ने कहा, 'मैं कभी नहीं कहूंगा कि वह लापरवाह है क्योंकि वह रन बनाने और टीम को जीत दिलाने के लिए अपना खुद का तरीका ढूंढ रहा है। वह स्पष्ट रूप से अब अपने डिफेंस पर भरोसा नहीं करता है, आप देख सकते हैं कि, एक एलबीडब्ल्यू अपील थी और इससे वह और भी अधिक अस्थिर महसूस कर रहा होगा। इसलिए अगली चीज जो वह करने की कोशिश करता है वह है जवाबी हमला और उसने ऐसा किया क्योंकि लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था, और कौन जानता है कि यहां-वहां कुछ शॉट और वह शायद बांग्लादेश के रन चेज को दोहरा सकता था।'

मांजरेकर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज अपने बड़े शॉट को गलत तरीके से मार रहा है, जिसने हाल के दिनों में उसे नीचे गिरा दिया है। उन्होंने कहा, 'लेकिन आउट होने के लिए उन्होंने जो शॉट खेला, उसमें वह गेंद को सिर्फ कनेक्ट करने के बजाय स्टैंड में मारने की कोशिश कर रहे थे। वह अपने कुछ बड़े शॉट से चूक रहे हैं। पहले टेस्ट मैच में भी ऐसा ही हुआ था, जिसमें उन्होंने आगे बढ़कर गेंद को मैदान से बाहर मारने की कोशिश की थी, इसलिए वह अपने कई आक्रामक शॉट गलत मार रहे हैं और उन्हें अपने डिफेंस पर पूरा भरोसा नहीं है। इसलिए रोहित शर्मा के लिए यह वर्तमान में एक बड़ी समस्या है।'

मौजूदा घरेलू टेस्ट सीजन में अब तक रोहित ने दस पारियों में 13.30 की औसत से 133 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है। भारतीय कप्तान का फॉर्म चिंताजनक रहा है क्योंकि उन्हें अगली बार पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।



## वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और को-पायलट ने कूदकर बचाई जान

आगरा । यूपी के आगरा में सोमवार को वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। फिलहाल इस घटना को लेकर वायु सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया। यदि आबादी वाले हिस्से में विमान क्रैश होता तो बड़ी क्षति हो सकती थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह मिग-29 विमान था, जो पंजाब के आदमपुर से उड़ा था। फिलहाल घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है।

## ईरानी पर्यटक ने मंदिर में नमाज पढ़ने पर मांगी माफी

### -ताजमहल देखने आया है ईरानी परिवार

आगरा । आगरा में ताजमहल घूमने आए एक ईरानी ने मंदिर में जाकर नमाज पढ़ी। यह मामला सामने आने और पकड़े जाने के बाद ईरानी परिवार ने माफी भी मांग ली है। ईरानी परिवार ने कहा कि मंदिर में साफ-सफाई देखकर नमाज पढ़ ली थी। बता दें कि ताजमहल के पूर्वी गेट के पास एक मंदिर बना हुआ है। मंदिर के अंदर एक ईरानी पर्यटक ने नमाज़ पढ़ ली। जिसके बाद वहां हंगामा हो गया था। सूचना पर ताज सुरक्षा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की तो ईरानी पर्यटक ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि यह मंदिर है। साफ-सफाई देखी तो उन्होंने नमाज पढ़ ली। ईरानी परिवार ने इसे लेकर माफी भी मांग ली है। मामला सोमवार का बताया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने पर्यटकों से बातचीत की और उनका पासपोर्ट चेक किया। पूछताछ में ईरानी परिवार ने बताया कि ताजमहल देखने के बाद बाहर आये तो काफी भीड़ जमा थी। ईरानी परिवार ने कहा कि मंदिर का दरवाजा खुला हुआ था और मंदिर में कोई भी नहीं था। बाद में पता लगा कि यह मंदिर है। पिता और बेटी ने माफी मांगी और कहा कि वह किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहते हैं। ईरानी परिवार का माफी मागने का वीडियो भी वायरल हुआ है। एसीपी अरीब अहमद ने मौखिक तौर पर बताया कि ईरानी परिवार ताजमहल घूमने आया था। उन्होंने गलती से मंदिर में नमाज पढ़ ली थी। ईरानी परिवार ईरान में प्रोफेसर के पद पर है।

## लॉरेंस के भाई ने दी भीम सेना अध्यक्ष को धमकी, सलमान से पहले तुझे मारुंगा

गुरुग्राम। एनसीपी नेता की हत्या करवाने और सलमान खान को धमकी देने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ सेक्टर-37 थाना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। शिकायत भीम सेना के अध्यक्ष सतपाल तंवर ने दर्ज कराई है। तंवर का कहना है कि 30 अक्टूबर शाम छह बजकर 25 मिनट से लेकर रात नौ बजकर 37 मिनट पर उन्हें चार बार विदेशी नंबर से वाट्सएप कॉल आई। विदेशी नंबर होने की वजह से उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। रात नौ बजकर 48 मिनट पर जब फिर कॉल आई, तो उन्होंने उठाया। कॉल उठाते ही कहा फिल्म अभिनेता सलमान खान उसका दुश्मन है और उसको मारने से पहले सतपाल तंवर को मारेगा। उसने कहा कि वह कनाडा से अनमोल बिश्नोई बोल रहा है। इसके बाद भी कई बार फोन करके धमकी दी। शिकायत के मुताबिक अप्रैल में भी उनके पास लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी भरा पत्र आया था। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि शुरुआती छानबीन से पता चलता है कि कॉल करने वाले की आवाज अनमोल बिश्नोई से मेल नहीं खा रही है। मामले की छानबीन क्राइम ब्रांच व साइबर क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है।

## गर्म लोहे से दागा, सिगरेट से जलाया, नाबालिग की हत्या कर टॉयलेट में फेंका

### -लड़की घर में करती थी नौकरानी का काम, पुलिस ने किया दंपति को गिरफ्तार

चेन्नई। चेन्नई में एक नाबालिग लड़की का शव घर के टॉयलेट में मिलने से सनसनी फैल गई थी। वह नाबालिग लड़की घर में नौकरानी का काम करती थी जिसको प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में चार अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। जांचकर्ताओं के मुताबिक नाबालिग लड़की को चेन्नई के अमिनजिकराई क्षेत्र के मेहता नगर स्थित एक फ्लैट में गंभीर यातनाएं दी गईं। उसे गर्म लोहे से दागने, सिगरेट से जलाने और अन्य क्रूरता का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। आरोपित दंपती निशाद और नासिया ने कथित तौर पर लड़की के शव को घर के टॉयलेट में छोड़ दिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया और अन्य चार लोगों को भी हिरासत में लिया है। यह घटना समाज में घरेलू कामकाजी लोगों के प्रति बढ़ते हिंसा और शोषण के मामलों को उजागर करती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने ठोस कदम उठा रही है।

## एआई में वृद्धि होने के कारण 2030 तक कई गुना बढ़ेगा ई कचरा

नई दिल्ली । भारत में जिस तरह से एआई मॉडल का तेजी से विकास हो रहा है। उसको देखते हुए रिपोर्ट में कहा गया है। 2030 तक 10 अरब आईफोन के बराबर ई कचरा भारत में एकत्रित होगा। यह कचरा भारत के लिए बड़ी समस्या खड़ा करेगा। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और चीन की वाइनीज एकैडमी आफ साइंसेज के शोधकर्ताओं ने नेचर जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। उस रिपोर्ट में एआई सर्वर की वजह से जो ई कचरा बढ़ेगा। उसकी संभावनाओं पर काम किया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार 2023 तक 2.6 किलो टन प्रतिवर्ष ई कचरा था। जो 2030 तक लगभग 2.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष हो जाएगा।

# महिला सुरक्षा के मुद्दे पर बीजेपी ने सोरेन सरकार पर साधा निशाना

### शिवराज सिंह चौहान ने कहा, झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री और झारखंड में बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि राज्य की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। चौहान ने कहा कि सोरेन सरकार ने राज्य की महिलाओं और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं किया है। इसलिए जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। क्योंकि यह एक भ्रष्ट सरकार है। शिवराज सिंह ने कहा कि राज्य में हर दिन पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने पेपर लीक करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। जिस दिन राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, यहां के युवाओं को रोजगार देने का काम किया जाएगा। झारखंड में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, बलात्कार, हत्या और घरेलू हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में यह न सिर्फ महिलाओं के लिए असुरक्षित माहौल पैदा कर रहा है, बल्कि राज्य सरकार की सुरक्षा प्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। महिलाओं को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**रोटी, बेटी और माटी की रक्षा करेगी बीजेपी**

शिवराज ने कहा कि भाजपा रोटी, बेटी और माटी की रक्षा करेगी। चौहान ने आगे कहा कि राज्य में कांग्रेस और जेएमएम का गठबंधन चक्रवात दाना से भी अधिक खतरनाक है। बता दें कि राज्य में सोरेन की सरकार के लिए महिला सुरक्षा और रोजगार के मुद्दा एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और बढ़ती बेरोजगारी दरों ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ऐसे में झारखंड विधानसभा चुनावों में भाजपा सोरेन सरकार को घेरने के लिए महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं को रोजगार देने का मुद्दा उठा रही है।

## फारूक अब्दुल्ला की गिरफ्तार की मांग को लेकर बजरंग दल का प्रदर्शन



जम्मू । आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की टिप्पणी के खिलाफ सोमवार को जम्मू में बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बजरंग दल वालों ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला का बयान सशस्त्र बलों और लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। बजरंग दल के कार्यकर्ता जम्मू के जनरल बस स्टैंड के बाहर जमा हुए और फारूक अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष का पुतला भी जलाया तथा मांग की कि फारूक अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर बजरंग दल जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष राकेश बजरंग ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला ने यह कहकर पाकिस्तान के पक्ष में बयान दिया है कि आतंकवादियों को नहीं मारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि फारूक अब्दुल्ला आमतौर पर देश के खिलाफ बोलते हैं। राकेश ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला को सेना और भारत के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। हम ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं कर सकते, जब हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं, वह अपनी सेना विरोधी और सरकार विरोधी बयानबाजी के लिए भी जाने जाते हैं। हम उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## पुराने वादे पूरे नहीं किए, नए वादों की बौछार कर रही कांग्रेस और भाजपा : मायावती




**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्रों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इन पार्टियों ने चुनाव में मिथ्या प्रचार और वादों की भरमार लगा रखी है। मायावती ने कहा कि देश में व्यापक स्तर पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, साफ पानी और कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों का अभाव है, इससे करोड़ों लोग त्रस्त और परेशान हैं।

मायावती ने भाजपा और कांग्रेस की सरकारों पर आरोप लगाकर कहा कि वे आरोप-प्रत्यारोप की नकारात्मक राजनीति में व्यस्त हैं, खासकर महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर। उन्होंने कहा, जनता देख रही है कि इनके पिछले वादों का क्या हाल हुआ है। बहनजी ने बताया कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है। इन पार्टियों के वादे होते ही हैं, लोगों को गुमराह करने के लिए, और सरकार बनने के बाद उन्हें भुला दिया जाता है। इसकारण हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें पर वादाखिलाफी का आरोप लग रहा हैं।

मायावती ने उपचुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे जनहित और जनकल्याण से ज्यादा धर्म के कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, बसपा चुनाव में जनता को गुमराह करने वाला कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है। हमारा उद्देश्य करोड़ों गरीबों, मजलूमों और बेरोजगारों के प्रति ईमानदारी से काम करना है।

मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के पिछले अनुभवों के मद्देनजर, यह स्वाभाविक है कि जनता उनसे पूछे कि वे अपने वादों को क्यों नहीं निभाते।

# कर्नाटक में ऐतिहासिक स्मारकों पर वक्फ बोर्ड ने ठोका दावा...एएसआई ने दिखाया आईना



**मुंबई (एजेंसी )।** बेंगलुरु (ईएमएस)। वक्फ बोर्ड इन दिनों काफी चर्चा में है। वक्फ की संपत्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में जमकर विवाद दिख रहा है। इसी कड़ी में अब वक्फ बोर्ड ने विश्व विरासत घोषित हो चुके ऐतिहासिक स्मारकों पर भी अपना दावा ठोक दिया है। वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक के 43 ऐतिहासिक स्मारकों पर दावा ठोका है। इसमें गोल गुम्बज, इब्राहिम रौजा, बारा कमान और बीदर व कलबुर्गी शामिल हैं। इन 53 स्मारकों में से 43 विजयपुरा में हैं। विजयपुरा वक्फ बोर्ड ने 2005 में 43 स्मारकों पर अपना दावा ठोक दिया था। इन ऐतिहासिक स्मारकों का मालिकाना हक वक्फ बोर्ड के पास नहीं है।

नियमों के मुताबिक, एक बार जब किसी ऐतिहासिक स्मारक का मालिकाना हक एएसआई अपने अधिकार क्षेत्र में ले लेता है, तब उस किसी को दूसरे को नहीं भेजा जा सकता है। ऐसी स्थिति में सवाल पैदा होता है, कि आखिर किस आधार पर वक्फ बोर्ड इन संपत्तियों पर अपना दावा ठोक रहा है। एएसआई के अधिकारी के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों के साथ छेड़छाड़ हो रहा है। इसके लिए सीमेंट और अन्य सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है, ताकि उसकी मूल पहचान को बदला जा सके। लेकिन, एएसआई ने स्पष्ट कर दिया है कि इस छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

एएसआई अधिकारियों के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों में पंखे, एसी, ट्यूबलाइट और टॉयलेट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि इसकी मूल पहचान को बदल सके। इसमें से कुछ ऐतिहासिक स्मारकों में दुकानें भी बन चुकी है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को भी खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले वक्फ बोर्ड ने किसानों की जमीन पर भी दावा ठोका था, जिसे देखकर किसानों ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के संबंध में बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखा था। इस पत्र में किसानों ने बैठक में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी, ताकि वे भी अपना मत खुले दिल से रख सके।

## 10 नवंबर को सेवानिवृत होंगे चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, अयोध्या पर दिया था फैसला

नई दिल्ली,(ईएमएस) । भारत की सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, अगले सप्ताह रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत होंगे और यह संयोग है कि नौ नवंबर को अयोध्या मामले में आए फैसले को पांच साल पूरे हो रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ गत जुलाई में अयोध्या गए थे और रामलला के दर्शन किए थे। वह संभवत : पहले सीजेआई हैं, जो रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या राम जन्मभूमि मामले में अपना फैसला सुनाया था। इस फैसले में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, पूर्व प्रधान न्यायाधीश एसए बोबड़े, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस अब्दुल नजीर शामिल थे। पीठ के अन्य चार न्यायाधीश पहले ही रिटायर हो चुके हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने हाल ही में अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट की दशहरे की छुट्टियों के दौरान अपने पैतृक गांव के दौरे के दौरान कहा था कि अयोध्या विवाद के समाधान के लिए उन्होंने भगवान से प्रार्थना की थी, जो कि उनके इस बयान की चर्चा का विषय बना। चंद्रचूड़ का कार्यकाल महत्वपूर्ण निर्णयों से भरा है और उनके रिटायर होने के बाद देश के न्यायिक इतिहास में उनके योगदान को याद किया जाएगा।

# अखिलेश यादव का बीजेपी पर तंज... चुनाव टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे



**लखनऊ (एजेंसी)।** त्योहारों को देखते हुए चुनाव आयोग ने वोटिंग को एक हफ्ते तक टालने का फैसला किया है। अब उत्तर प्रदेश, केरल और पंजाब में 13 नवंबर की जगह उपचुनाव 20 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे। उनके इस पोस्ट को सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि 13 नवंबर को होने वाली उपचुनाव की वोटिंग को टालने के लिए कांग्रेस, बीजेपी समेत कई दलों ने चुनाव आयोग से अपील की थी। पार्टियों का कहना था कि कई त्योहारों के चलते 13 नवंबर को वोटिंग कम हो सकती है। हालांकि, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे ! पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, बीजेपी इतनी कमजोर कभी न थी। दरअसल बात ये है कि यूपी में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर प्रदेश आए हुए हैं, और उपचुनाव में बीजेपी को हराने के लिए वोट डालने वाले थे। जैसे ही बीजेपी को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खत्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। ये बीजेपी की पुरानी चाल है- हारेंगे तो टालेंगे।

### बीजेपी ने तारीखों में बदलाव के लिए दिया था ज्ञापन

बता दें कि बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप-चुनाव की तारीखों में बदलाव की मांग को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन दिया था। बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने कहा था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा होने की वजह से कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद और प्रयागराज में लोग तीन चार दिन पहले इकट्ठे जो जाते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को कार्तिक पूर्णिमा को ध्यान में रखते हुए तारीखों में बदलाव करना चाहिए। बीजेपी की मांग थी कि 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को चुनाव कराए जाएं।

## रायबरेली दौरे पर रहेंगे राहुल गांधी, विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

### -उपचुनाव में राहुल प्रचार करेंगे या नहीं चर्चाओं का दौर शुरु

**नई दिल्ली, (एजेंसी )।** यूपी में विधानसभा की 9 सीटों होने वाले उपचुनाव के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली का दौरा करेंगे। इस दौरे में राहुल गांधी कई महत्वपूर्ण बैठकों और उद्घाटन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह जिला समन्वय की बैठक और दिशा की बैठक में शामिल होंगे, जहां अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा राहुल रायबरेली के शहीद चौक का उद्घाटन करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सांसद राहुल का यह दौरा सुबह 10¬30 बजे फुरसतगंज एयरपोर्ट से शुरू होगा, जहां से वह सड़क मार्ग से डिग्री कॉलेज चौराहा पहुंचेंगे और शहीद चौक का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में दिशा की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य विकास परियोजनाओं की समीक्षा और समन्वय में सुधार करना है। राहुल गांधी का यह दौरा यूपी उपचुनाव के बीच हो रहा है, जिससे यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या वे उपचुनाव में प्रचार करेंगे। हालांकि कांग्रेस ने इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर पूछा तो उन्होंने पुष्टि की कि उनकी कांग्रेस नेताओं से बातचीत हुई थी। यह उपचुनाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अखिलेश भी इस बार व्यक्तिगत रूप से प्रचार करने उतरने वाले हैं। आमतौर पर सपा के उम्मीदवार स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में ही चुनावी मुकाबला करते रहे हैं, लेकिन इस बार अखिलेश खुद मैदान में होंगे। इस बदलाव को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश और राहुल गांधी का एक साथ उपचुनाव में प्रचार करना कांग्रेस और सपा के गठबंधन को जनता के सामने एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश कर सकता है। इंडिया गठबंधन के चलते दोनों पार्टियों का साथ आना, खासतौर पर यूपी जैसे बड़े राज्य में, विपक्ष को एक नई ऊर्जा दे सकता है। हालांकि, राहुल गांधी के प्रचार में शामिल होने की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरु हो गई है। राहुल गांधी का रायबरेली दौरा सिर्फ एक विकास कार्यों की समीक्षा के लिए नहीं है बल्कि कांग्रेस के लिए यूपी में अपना आधार मजबूत करने की दिशा में एक कदम भी माना जा रहा है। यह दौरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्साह और नई दिशा देने का अवसर है, खास कर तब जब यूपी उपचुनाव में पार्टी की स्थिति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनके दौरे से जहां रायबरेली में कांग्रेस की सक्रियता दिखाई देगी, वहीं उपचुनाव में उनकी उपस्थिति या प्रचार की संभावना विपक्षी गठबंधन के बीच नए समीकरण बनाने में मददगार साबित हो सकती है। ऐसे में आने वाले दिनों में देखना होगा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक साथ प्रचार अभियान में उतरते हैं या नहीं।

# छठ पूजा नहाय-खाय के साथ आज से होगी शुरु, प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूरी

### -गंगा और सहायक नदियों के करीब 550 घाटों पर श्रद्धालु करेंगे पूजा

**पटना (एजेंसी)।** चार दिवसीय छठ महापर्व मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरु होगा। बुधवार को खरना अनुष्ठान होगा, गुरुवार शाम को पहला अर्घ्य और शुक्रवार सुबह अंतिम अर्घ्य देने के बाद यह पर्व संपन्न हो जाएगा। छठ पूजा पर पटना के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की हैं। इस बार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ चुनौतियां आई, लेकिन जिला प्रशासन ने सभी घाटों को पूरी तरह से तैयार किया है।

पटना में गंगा और सहायक नदियों के करीब 550 घाटों पर श्रद्धालु छठ पूजा करते हैं। पटना नगर निगम ने 102 गंगा घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था की है। इसके अलावा, 45 पार्क और 63 तालाबों पर भी छठ पूजा की जाएगी। सभी घाटों और तालाबों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी तैयारियों पर नजर रख रहे हैं।

निगम ने 512 अस्थायी शौचालय, 450 अस्थायी यूरिनल और पीने के पानी के लिए 185 नल लगाए हैं। इसके साथ ही 50 पानी के टैंकर और 37 चापाकल उपलब्ध कराए हैं। 355 अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए हैं और 154 वाच टावर सुरक्षा निगरानी के लिए लगाए गए हैं। 97 मुख्य और 13 सहायक नियंत्रण कक्ष और 14 यात्री शेड स्थापित किए हैं।

छठ पूजा के दौरान सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। 333 गोताखोर, 306 नाव एवं सिविल डिफेंस के 168 वालंटियर भी तैनात रहेंगे। डीएम पटना ने निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की नाव का संचालन नहीं होगा, चाहे वह प्रचार-प्रसार के लिए हो या मनोरंजन के लिए। नाव संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नदी में लगातार रिवर पेट्रोलिंग की व्यवस्था भी की है।

